हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






# छलकती नदियों ने रोका रास्ता, बालोद, नांदगांव, धमधा मार्ग बंद, महानदी-खारुन भी उफनी

*हरिभूमि न्यूज-रायपुर/जगदलपुर/भिलाई/राजनांदगांव।* मानसूनी सिस्टम बुधवार को कमजोर हुआ, लेकिन कई इलाकों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। महानदी ऊफान पर है और रायपुर में खारुन पुल के नीचे पहुंच चुका है पानी। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए बस्तर के तीरथगढ़ को पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इधर, शेष पेज 4 पर

### बाढ़ का पानी उतरा, विस अध्यक्ष ने देखा हाल

राजनांदगांव में सोमवार देर रात हुई बारिश के बाद बने बाढ़ के हालात से बुधवार को काफी राहत मिली। राजनांदगांव जिले में शिवनाथ के तट पर बसे गांव में पानी उतरने के बाद बुधवार को बर्बादी का मंजर देखने को मिला। सैकड़ों परिवारों शेष पेज 4 पर

### डूबा स्कूल व बस डिपो

बाढ़ का पानी पुलगांव स्थित केपीएस स्कूल में भर गया है। यहां स्कूल कमर तक डूबा हुआ है। दुर्ग शहर के पुलगांव के नीचे स्थित बस डिपो भी डूब गया है।

### शिवनाथ और आमनेर नदी 17 फीट ऊपर

इसी तरह शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट और आमनेर नदी 17 फीट ऊपर चल रहा है। शिवनाथ नदी में सोमवार की रात को 2 लाख 4 हजार 346 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बाढ़ के हालात को देखते हुए बुधवार को मोंगरा बैराज, सूखा नाला और खातूटोला बैराज से पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है।







## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज-कल लेंगे कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 और 13 सितंबर को कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस लेंगे। रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस के पहले दिन मुख्यमंत्री 12 सितंबर को कलेक्टर और कमिश्नर से राज्य और केंद्र की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

### पूर्व मंत्री अकबर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**बालोद।** वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने, बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले शिक्षक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को पकड़ लिया है। वहीं, पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर की अग्रिम जमानत याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है।

### आरटीआई के तहत परीक्षार्थी आंसरशीट पाने का हकदार



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने साल 2005 में पीएससी की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को मुख्य परीक्षा का आंसर-शीट पाने का हकदार माना है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, आरटीआई के तहत उन्हें आंसरशीट देने का आदेश दिया है।

### भारतीय मूल की व्याख्याता को सिंगापुर साहित्य पुरस्कार



**सिंगापुर।** सिंगापुर की 'नानयांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी' में भारतीय मूल की एक व्याख्याता ने अंग्रेजी भाषा में लिखी अपनी लघुकथा 'नाइन यार्ड साड़ीज' के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार जीता है। प्रशांति राम (32) की यह पहली रचना 2023 के अंत में प्रकाशित हुई थी।

### रामानुजगंज में सनसनीखेज वारदात, लूटपाट के बाद झारखंड की ओर भागे आरोपी

# पिस्टल लेकर घुसे लुटेरे और पल भर में ले उड़े छह करोड़ के गहने व 7 लाख कैश

*नगर में दिनदहाड़े पिस्टल की नोक पर जेवर दुकान से 6 करोड़ की लूट हो गई। तीन अपराधियों ने राजेश ज्वेलर्स में लूट की घटना को अंजाम दिया है। हथियारबंद लुटेरे पूरी योजना बनाकर दुकान में घुसे, दुकान संचालक के साथ जमकर मारपीट की। लुटेरे दुकान से लगभग 6 करोड़ रुपए का 8 किलो सोना व 7 लाख रुपए नकद लूटकर झारखंड की ओर फरार हो गए है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

घटना के दौरान दुकान में ग्राहक व कर्मचारी भी मौजूद थे। इस घटना से नगर में दहशत का है। सूचना पर एसपी व पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे। पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी व पार्षद राजेश सोनी की बीच बाजार में गांधी चौक गांधी मैदान के सामने राजेश ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। प्रतिदिन की तरह ही बुधवार को व्यवसायी राजेश सोनी अपनी दुकान में बैठकर ग्राहकों को जेवर दिखा रहे थे। इसी बीच दोपहर 1.15 बजे तीन युवक दुकान में घुस आए।

■ संचालक की पिस्टल के बट से की पिटाई, दुकान में ग्राहक भी मौजूद थे

दुकान में आने वाले युवकों की उम्र 20 से 30 वर्ष है। दुकान के अंदर घुसते ही उनमें से एक आरोपी काउंटर को लांघकर अंदर घुस गया और संचालक शेष पेज 4 पर





### रेकी के बाद वारदात

जिस तरह से हथियारबंद लुटेरे दुकान में घुसे उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होंने घटना से पहले दुकान की रेकी की थी और पूरी तैयारी के साथ आए थे। अपराधी इतने बेखौफ थे कि उन्होंने चहेरों को नकाब से भी नहीं ढका था। आरोपियों ने अपनी बाइक राजेश ज्वेलर्स के ठीक सामने मौजूद मोची बाबूलाल रवि की दुकान के सामने लगाई थी। हालांकि इस दौरान दुकान के सामने बाइक लगाने से बाबूलाल ने मना किया तो उन्होंने शेष पेज 4 पर



### झारखंड की ओर भागे लुटेरे

*राजेश सोनी वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद भी है और उनकी बलरामपुर में ही एक दुकान है। राजेश सोनी और उनके परिवार के सदस्य मिलकर दोनों दुकानों को चलाते है। लुटेरों के भागते ही उन्होंने शोर मचाना शुरू किया* शेष पेज 4 पर

### जारी है तलाश

*घटना की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। झारखंड पुलिस की मदद से तलाश की जा रही है। मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही हम आरोपियों को पकड़ लेंगे।*

*-राजेश अग्रवाल, एसपी*

### लूट के विरोध में व्यापारियों ने बंद कर दी दुकानें



दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से व्यावसाइयों में आक्रोश का माहौल है। इस घटना के विरोध में व्यापारियों ने नगर बंद कर दिया। इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दुकान में लुटेरे व्यवसायी के साथ जिस तरह से मारपीट कर रहे हैं उससे लोगों में दहशत का माहौल है। नागरिकों द्वारा आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ दुकान के सामने एकत्रित हो गई। इस दौरान भीड़ को हटाने पुलिस को कड़ी शेष पेज 4 पर

# दो दशक में 8 पोलित ब्यूरो, 22 सेंट्रल कमेटी मेंबर, 1 हजार महिला माओवादियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

माओवादियों की सेंट्रल कमेटी ने 25 पन्नों का बुकलेट जारी कर दो दशक में हुए नफा नुकसान की जानकारी दी है। जारी पर्चे में इन वर्षों में 8 पोलित ब्यूरो, 22 सेंट्रल कमेटी मेंबर व 1 हजार महिला माओवादियों के मौत का खुलासा किया है। सेंट्रल कमेटी ने संगठन की 20 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 25 पन्नों की बुकलेट जारी करते हुए भारत में माओवादी इतिहास, वर्तमान और भविष्य उल्लेख शेष पेज 4 पर

### तीन वर्ष में 669 गुरिल्ला युद्ध में 261 जवानों की मौत

सेंट्रल कमेटी द्वारा जारी बुकलेट में बताया गया कि जुलाई 2021 से वर्ष 2024 तक 669 गुरिल्ला युद्ध सुरक्षाबलों के साथ हुई, जिसमें 261 जवानों की मौत हुई। वहीं इन हमलों में 516 जवानों को घायल करने की बात लिखी गई है। वहीं 3 वर्ष में हुए हमलों में 25 हथियार हासिल करने की जानकारी देते हुए बताया कि इन साढ़े तीन वर्ष में संगठन को बड़ा नुकसान हुआ, जिसमें 439 माओवादी सदस्यों के मारे जाने और माओवादियों का 215 हथियारों के नुकसान होने की बात कबूली गई है। शेष पेज 4 पर

### दो दशक में 4073 हमले में 3090 जवानों की मौत

सेंट्रल कमेटी ने जारी बुकलेट में बताया कि पिछले दो दशक में सुरक्षा बलों पर 4073 बड़े, मझौले एवं छोटे किस्म के हमले व जवाबी हमले किए गए। इसमें पुलिस व सुरक्षा बलों के 3090 जवानों की मौत व 4 हजार 77 जवानों के घायल होने की बात कही गई है। इसके अलावा जवानों से मुठभेड़ के दौरान 2 हजार 365 आधुनिक हथियार व 1 लाख 19 हजार 682 कारतूस व गोला बारूद लूटने का जिक्र किया गया है।

### एसीबी ने दो अफसरों को पकड़ा

# पेंशन दिलाने मांगी 10 हजार रिश्वत, दो अफसर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिका निगम रिसाली में सेवानिवृत्त अधिकारी से पेंशन दिलाने के नाम पर दस हजार रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में एसीबी की टीम ने दो अफसरों को रंगे हाथों पकड़ा है। पीड़ित द्वारा शिकायत के बाद एसीबी ने छः हजार रुपए की नगद रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार पीड़ित नगरपालिका निगम रिसाली में सचिव पद शेष पेज 4 पर

### रंगे हाथों पकड़ाए

पीड़ित के शिकायत पर बुधवार को एसीबी की टीम ने दुर्ग के पद्नाभपुर स्थित कार्यालय से आरोपी दिनेश कुमार उप संचालक वित्त और आरोपी होमन कुमार सहायक संपरीक्षक को छः हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है, एसीबी दोनों को गिरफ्तार कर ले गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा सात पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# राहुल के बयान पर बोला पन्नू -साबित हुआ हमारी खालिस्तान की मांग जायज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सिख समुदाय को लेकर दिए बयान को लेकर जहां एक ओर भाजपा हमलावर है तो वहीं अब उनके इस बयान पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अपना समर्थन दिया है।

■ अमेरिका में कांग्रेस नेता के बयान का आतंकी ने किया समर्थन

राहुल गांधी के बयान को जायज ठहराते हुए गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा कि राहुल गांधी ने काफी बोल्ड स्टेटमेंट दिया है, उनका ये बयान सिख फॉर जस्टिस के अलग खालिस्तान देश की मांग को जस्टिफाई करता है। पन्नू ने कहा कि भारत में सिखों शेष पेज 4 पर



### विदेश में प्रोपेगेंडा चलाता है पन्नू

बता दें कि आतंकी पन्नू अलग खालिस्तान देश की मांग को लेकर बीते कई सालों से विदेश में प्रोपेगेंडा चलाता है। एजेंसियों के मुताबिक, पन्नू पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंडे के तहत काम करता है।

### क्या बोले थे राहुल गांधी

अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने वर्जीनिया में एक भाषण दिया। यहां उन्होंने भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है. उन्होंने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला : बुजुर्गों का पांच लाख तक का मुफ्त इलाज

# आयुष्मान भारत में अब 70 प्लस की भी एंट्री

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है। अब 70 साल से ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग आयुष्मान भारत स्कीम का फायदा उठा सकेंगे। इसके तहत उन्हें 5 लाख रुपए तक का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना' के तहत 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी शेष पेज 4 पर



### साल 2017 में केंद्र ने शुरू की थी योजना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना साल 2017 में शुरू की थी। हालांकि पश्चिम बंगाल सहित कई राज्य इस योजना को मानने से इनकार कर रहे हैं और राज्य में खुद अपनी योजना चला रहे हैं।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

### 10,900 करोड़ की पीएम ई-ड्राइव योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'पीएम ई-ड्राइव योजना' को मंजूरी दे दी। दो साल की अवधि के लिए लाई गई यह योजना मार्च, 2024 तक लागू रहे 'फेम' कार्यक्रम की जगह लेगी। नौ साल तक चले फेम कार्यक्रम को हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के त्वरित क्रियान्वयन एवं विनिर्माण के लिए चलाया गया था। बैठक में 'पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट' (पीएम ई-ड्राइव) योजना लाने का निर्णय लिया गया।

**12,461 करोड़ की पनबिजली परियोजना** केंद्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में 12,461 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 31,350 मेगावाट की पनबिजली परियोजनाओं को मंजूरी दी।



# श्री सिद्धीविनायक नमो नमः

वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटी समप्रभः।
निर्विघ्नं कुरु मे देवः सर्व कार्येषु सर्वदा॥





# गणेश चतुर्थी

## की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गणेश चतुर्थी, भगवान गणेश के जन्म का उत्सव, भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है। विशेष रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, और तमिलनाडु में यह पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह लोगों को आस्था, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना के भव्य प्रदर्शन में एक साथ लाने का एक सशक्त माध्यम भी है।

### गणेश चतुर्थी का महत्व

गणेश चतुर्थी, जिसे विनायक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है, भाद्रपद के हिंदू चंद्र मास के चौथे दिन आती है, जो आमतौर पर अगस्त और सितंबर के बीच होता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, बुद्धि, समृद्धि और नए आरंभों के देवता के रूप में पूजा जाता है। किसी भी नए कार्य या यात्रा की शुरुआत से पहले गणेश जी का आह्वान किया जाता है। इस पर्व की शुरुआत मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के समय से मानी जाती है, जिन्होंने इसे सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के लिए एक सार्वजनिक कार्यक्रम के रूप में लोकप्रिय बनाया। हालांकि, इसे एक बड़े सामुदायिक उत्सव के रूप में बदलने का श्रेय स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक को जाता है, जिन्होंने 19वीं सदी के उत्तरार्ध में गणेश चतुर्थी को एक जन आंदोलन का रूप दिया।

### त्योहार की धूमधाम और रचनात्मकता

गणेश चतुर्थी के दौरान, लोग भगवान गणेश की मूर्तियों को अपने घरों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित करते हैं। इन मूर्तियों को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सजाया जाता है और 10 दिनों तक भव्य रूप से पूजा की जाती है। इस दौरान भक्तगण गणेश जी की आरती, भजन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इन दिनों में गणपति बप्पा के स्वागत और विदाई की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अनंत चतुर्दशी के दिन, विसर्जन की जाती है, जिसमें गणेश प्रतिमा को धूमधाम से जल में प्रवाहित किया जाता है।

### सामुदायिक भावना और सामाजिक संदेश

गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सामुदायिक भावना का भी प्रतीक है। इस त्योहार के दौरान विभिन्न समुदायों और धर्मों के लोग एक साथ आकर भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हाल के वर्षों में गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में पारंपरिक सामग्रियों के बजाय पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग भी बढ़ा है।

गणेश चतुर्थी का यह पर्व हर साल लोगों के दिलों में भगवान गणेश के प्रति आस्था और श्रद्धा को और भी प्रगाढ़ करता है। गणपति बप्पा के जयघोष से गूंजते पंडाल, सड़कों पर नाचते-गाते लोग, और उत्सव की उमंग इस पर्व को अविस्मरणीय बना देती है। गणेश चतुर्थी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है, जो आस्था, एकता, और सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है।



Contact for Ad.- 9826708989, 9826161116

SONI VISION SECURE EVERYWHERE छत्तीसगढ़ का अपना ब्रांड!
गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहाँ सभी प्रकार के कैमरे उपलब्ध है
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध BAJAJ FINSERV
SPECIAL OFFER
मात्र ₹9999 2 कैमरे का कम्प्लीट सेटअप
मात्र ₹12499 4 कैमरे का कम्प्लीट सेटअप
Soni CCTV Camera
Shop No. 4-5, Ground Floor, Chandra Planet, Ring Road No-1, Near Ashoka Millennium, New Rajendra Nagar, Raipur
98271 52952
www.sonivision.co.in

हेल्थ केयर एवं पाइल्स सेंटर
पिछले 10 वर्षों से सतत रूप से आपकी सेवा में 4000 से अधिक सर्जरी
उपलब्ध सुविधाएँ
अत्याधुनिक लेज़र चिकित्सा
सभी मलमार्ग के रोगों की दूरबीन द्वारा विशेष जांच
क्षारसूत्र चिकित्सा
डे-केयर चिकित्सा
महिला चिकित्सा उपलब्ध
दर्द रहित पूर्ण चिकित्सा
वेरीकोज वेन की लेज़र चिकित्सा
अत्यंत कम दर पर चिकित्सा
इन्श्योरेन्स क्लेम उपलब्ध
डॉ एस.ए. वाहिद MS AY (Gen Surgery) Certified Trained Laser Proctologist Minimal Invasive Proctologist Guiness Book Record Participant Life Member NSA
डॉ. नेहा Ex Medical Officer Cosmetologist Trichologist Female Problem Expert
मलद्वार सम्बंधित सभी बीमारियों का इलाज
झंडा चौक, पंडरी (राजातालाब सब्जी मार्केट के पास), रायपुर
बालगोपाल हॉस्पिटल के सामने, बैरन बाज़ार, रायपुर
फ़ोन- 0771-4040808, मो.- 70007-18411

गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाइयाँ व शुभकामनायें
1974 से कार्यरत
आशा क्लिनिक
ISO 9001:2015 Certified Clinic
डॉ. ए.आर. गुप्ता (G.A.M.S.)
Reg. No.: 00579/C.G.
गुप्त रोगी मिलें
मिलने का समय:
दोपहर 12.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक
रविवार - दोपहर 12.00 बजे से सांय 3.00 बजे तक
फोन वार्ता: दोपहर 12.00 से सांय 7.00 बजे
सेक्स संबंधी समस्या के समाधान हेतु स्वयं आकर मिलें
शॉप नं.- 4, दीक्षित कॉम्पलेक्स, बैजनाथपारा, रायपुर
Mo : 9669990123, 9926777867

गणेशोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
THE LEADER IN PATHOLOGY
SGP
पैपर कटिंग लाने पर आकर्षक छूट पायें
व्यापार के साथ समाज सेवा हेतु तत्पर
एस.जी. पैथ लैब
210, प्रथम तल, श्याम स्क्वेयर, एलआईसी बिल्डिंग के बाजू, पण्डरी, रायपुर
Sure | Genuine | Perfect
Specialist Rare & New Born Screening Test
SPECIALIST
Dr. Jagdish Uraiya MBBS MD Ortho. Surgeon
Dr. Prashabh Chhugani MBBS DCH FICM Fellowship- Neonatology
Dr. K.R. Sahu General Practicener
Dr. Reshu Agrawal MBBS MD Gynecologist and Infertility Specialist
Dr. Bharat Agrawal Cardiologist
Dr. Nikhil Motiramani Cardiologist
Dr. Amit Kukreja Dentist
Dr. Ankit Sahay PDF in Clinical Haematology (AIIMS) Specialist in Immuno-Haematology, Transfusion Medicine & Stem cell Transplant
COLLECTION CENTER
AAYUSHMAN MEDICAL Timber Market Road, Fafadih, Raipur
LAXMI MEDICAL HALL Gudhiyari And Birgaon Branch
GOPAL MEDICAL Devendra Nagar
KRISHNA MEDICAL Pahadi Chauk, Gudhiyari, Raipur
घर से सैंपल लेने की सुविधा
फोन: (0771)4269981,7999718055,9827487031

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
होम डेकोरेशन में एक भरोसेमंद नाम
Ana Home Concepts
• वॉसेस • आर्टिफेक्ट्स • वॉल आर्ट • मेटल आर्ट • सीनरीज़ • वॉल फ्रेम्स
•आर्टिफिशियल फ्लावर्स • वर्टीकल गार्डन • म्यूरल्स • वाटर फॉउन्टेंस • स्टेच्यु
• बुद्ध • देवी-देवताओं की मूर्तियां • एवं कई अन्य आकर्षक आइटम्स
Mana Road, Deopuri, RAIPUR
Ph : 77460 09115, 93019 59289
For Bulk Order Contact 9340027909

ASHOKA SUPER DELUXE THRESHER
किसानों की पहली पसंद
अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर
मजबूती का हाथ किसानों के साथ
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
5 फेन मॉडल, 6 फेन मॉडल एवं 7 फेन मॉडल में उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
• आसान फायनेंस की सुविधा • बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
आज ही संपर्क करें: अरुण ट्रेड कम्बाइंस
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)। मो.- 95168 55103

गणेशोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
Amanat Bakery, Always Fresh
हर ख़ुशी के मौके पर.. बेकरी में एक ही नाम
Quality 100% Guaranteed
अमानत बेकरी
• पोस्टल कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर • पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर
9329060307 9165341041
Special Pure Eggless Cake & Pastry

गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
Attractive Range of Gift Packs
• Bar Chocolate Box
• 12-Cavity Chocolate Box
• 9-Cavity Chocolate Box
• Hamper Box
• Jar & Cup Cake Box &
• Custom Sized Boxes
Wholesale Dealer of Nandi International brand
All products available
Certified Training For Cake Decoration and Baking, including
Cake Clock INSTITUTE OF BAKING & CAKE
C-51, Near Dr Sandeep Bhargav, Shailendra Nagar, RAIPUR.
Mob : 96440-31119, 88391-20290, 82260-88000

रायपुर
गुरुवार 12 सितंबर 2024
भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 23, अंक : 57
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 30.8
न्यून. 25.3

शत प्रतिशत साक्षरता दर के लिए पिछले दो दशकों से प्रयास जारी हैं लेकिन सफलता नहीं मिल रही है क्योंकि सरकारी योजनाएं सरकारी तौर पर ही बनतीं हैं और उसे लागू किया जाता है। अभी नया मामला ही देख लीजिए। केन्द्र और राज्य ने मिलकर नई उल्लास योजना लागू की है। यह योजना खास तौर पर 15 या उससे अधिक उम्र वाले लोगों के लिए है, जो स्कूल बीच में छोड़ चुके हैं या स्कूल जाने में असमर्थ हैं। इन्हें अक्षर ज्ञान तक नहीं है।

*शत-प्रतिशत साक्षरता दर के लिए चल रहा प्रयास*


## अजब गजब सरकारी योजना, 10 लाख लोगों को अक्षर ज्ञान तक नहीं, अब इन्हें पढ़ाया जाएगा

खास खबर

विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

सबसे बड़ी बात कि योजना के तहत ऑनलाइन क्लास लगाकर और ऑनलाइन स्टडी मटैरियल देकर इन्हें साक्षर करने की प्लानिंग है। सवाल यही है जिन्हें अक्षर ज्ञान नहीं, पढ़ना तक नहीं आता वे कैसे मोबाइल, लैपटाप या दूसरे माध्यमों ▶▶|शेष पेज 4 पर

- स्टडी मटैरियल भी ऑनलाइन ही मिलेगा, केंद्र और राज्य ने मिलकर नई उल्लास योजना लागू की
- 10 वीं 12 वीं के बच्चों को ट्रेनिंग के लिए बना रहे वोकेशनल ट्रेनर



### उल्लास योजना में दावा

अधिकारियों के मुताबिक उल्लास योजना का उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक से कही अधिक है। आवश्यक कौशल जैसे वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा, परिवार कल्याण, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा(प्रारंभिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा) प्रदान कराना और सतत शिक्षा कला, विज्ञान, संस्कृति, खेल, और मनोरंजन में समग्र वयस्क शिक्षा पाठ्यक्रमों को शामिल करना है।

### परीक्षा के समय कैसे पढ़ाएंगे बोर्ड परीक्षार्थी

इस योजना के तहत छग को 10 लाख और बिलासपुर जिले को 30 हजार लोगों को साक्षर करने की योजना है। इन्हें पढ़ाने के लिए 10 वीं 12 वीं के परीक्षार्थियों की तलाश की जा रही है। इसके लिए उन्हें 10 अंक बोनस के दिए जाएंगे। इसके लिए जिले में 300 बच्चों को तैयार भी कर लिया गया है। इसमें भी लेकिन परेशानी यह है कि साक्षर भारत के तहत क्लासेस और परीक्षाएं मार्च में होनी हैं। उसी समय बोर्ड की महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी चलती हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षार्थी दोनों तरफ फंस सकते हैं।

- आखिर इस तरह कैसे होगी पढ़ाई और परीक्षा
- केन्द्र सरकार द्वारा उल्लास एप्प शिक्षा लांच की गई है। इस एप्लीकेशन पर रजिस्टर करना होगा
- सभी पढ़ने वालों को सामग्री और संसाधन डिजिटल रूप से प्रदान किए जाएंगे
- शिक्षार्थी सिस्टम में लॉग इन करेंगे, इसके बाद ही उन्हें आनलाइन अध्ययन सामग्री मिलेगी

### अभी आवंटन नहीं मिला मैटेरियल ऑनलाइन देंगे

*इस उल्लास योजना को केन्द्र स्तर पर लागू किया गया है। इस पूरी योजना का क्रियान्वयन ऑनलाइन होना है। इसके लिए किसी प्रकार का आबंटन भी नहीं मिला है। डिजिटल मोड्स जैसे टी.वी , रेडियो, मोबाइल और ओपन सोर्स आधारित पोर्टल के माध्यम से पढ़ाने की योजना है। पढ़ाई के लिए किताबें और स्टडी मटेरियल भी ऑनलाइन ही मिलेगा।*

*- जेके पाटले*
*कार्यक्रम अधिकारी, साक्षर भारत*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

कश्मीर में चुनाव सभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

# खड़गे बोले-20 सीटें और आती तो 400 पार वाले जेल में होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अनंतनाग/नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर बिना नाम लिए ही निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग ईडी और सीबीआई के जरिए हमें डराते हैं, लेकिन गठबंधन वाले डरते नहीं हैं। यह सरकार तो टूटी-फूटी है। इसे एक पैरे नीतीश कुमार ने दी और दूसरी टीडीपी ने दी है। पहले ये लोग इस बार 400 पार की बात करते थे। कहां गए भाई तेरे 400 पार। 240 पर आ गए। यदि हम सिर्फ 20 सीट और लेते तो ये सब लोग जेल में होते और ये लोग जेल में ही रहने के काबिल हैं। मैं यही कहूंगा कि आप निराश न हों और आपके सरदार मजबूत हैं। कोई डरने वाला नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोगों को इन्हें उखाड़ कर फेंकना है। हमारी सरकार आएगी और हम जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। इसके लिए हम सारे प्रयास करेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये लोग कहते हैं कि आप कैसे पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे? मैं बता दूं कि सरकार कुछ नहीं करती है बल्कि जनता करती है। उन्होंने कहा कि आज ▶▶|शेष पेज 4 पर

- केंद्र सरकार पर ईडी और सीबीआई के जरिए भय पैदा करने का लगाया आरोप

*जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी है। हर दिन रैली और चुनावी सभाएं हो रही हैं। बुधवार कोअनंतनाग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यदि लोकसभा चुनाव में हम 20 सीटें और जीत जाते तो 400 पार का नारा देने वाले जेल में होते।*



### भाजपा धर्म के नाम पर बांट रही

*मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अनंतनाग एक ऐतिहासिक महत्व की जगह है। यहां मौजूद अमरनाथ जी की गुफा के दर्शन के लिए हजारों लोग आते हैं, क्योंकि यह धार्मिक एकता का स्थल है। आज भाजपा यहां के लोगों को धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे कभी कामयाब नहीं होंगे।*

### कांग्रेस की पांच गारंटी

- युवाओं को एक लाख नौकरी
- महिला उद्यमियों के लिए पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण
- प्रति परिवार 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा
- परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 3,000 रुपए
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रति व्यक्ति 11 किलोग्राम अनाज

### सरकार फूड सिक्योरिटी बिल लेकर आई- खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहले 11 किलो चावल मिलता था, आज केवल 5 किलो मिल रहा है। इससे पता चलता है कि गरीबों का हमदर्द कौन है। कांग्रेस की सरकार फूड सिक्योरिटी बिल लेकर आई। यही कांग्रेस और भाजपा में फर्क है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप लोग सिर्फ भाषण देने वालों पर नहीं, काम करने वालों पर भरोसा कीजिए।

### जेल से बाहर आए इंजीनियर रशीद



*इधर, राष्ट्रीय राजधानी की अदालत से आतंकवाद के वित्त-पोषण मामले में अंतरिम जमानत मिलने के एक दिन बाद बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद बुधवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार में भाग लेंगे। जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपने लोगों के लिए लड़ते रहेंगे।*

### रशीद का स्वागत करने का आदेश 'फर्जी'

इधर, भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने बुधवार को उस आदेश को 'फर्जी' बताया जिसमें घाटी में पार्टी कार्यकर्ताओं से बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद की स्वागत रैली में शामिल होने को कहा गया है। अदालत से आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद रशीद बुधवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार में भाग लेंगे। वर्ष 2017 के आतंकवाद वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से रशीद 2019 से जेल में थे।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद सूर्यकांत ने लगाए प्रताड़ना के आरोप

**रायपुर।** माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी तथा उसके भाई रजनीकांत ने एसीबी के एक अफसर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में आवेदन पेश किया है। सूर्यकांत ने अफसर के खिलाफ माइनिंग घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम लेने दबाव बनाने का आरोप लगाया है। सूर्यकांत ने कोर्ट में दिए गए आवेदन में जेल के पूछताछ कक्ष में लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच कराने की मांग की है।

### सीएम ममता से मिलने तैयार हुए जूनियर डॉक्टर



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में राज्य में अभी भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी में राज्य में जारी गतिरोध को रोकने बैठक की मांग की।

### काजू से लदा मिनी ट्रक पलटा, सात की मौत



**पूर्वी गोदावरी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार को एक 'मिनी' ट्रक के पलट जाने से उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पूर्वी गोदावरी जिले के देवरापल्ली मंडल के चिन्नईगुडेम के चिलका पकाला इलाके में हुआ। सात लोगों की मौत हो गई, एक व्यक्ति बच गया और उसकी हालत ठीक है।

### रांची में बांध के पास चार शव बरामद



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के बाहरी इलाके में एक बांध के निकट लगभग 25 से 30 वर्ष की आयु के चार लोगों के शव बरामद हुए हैं। शव मंगलवार रात करीब 11 बजे रांची सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रुक्का बांध के पास बरामद हुए। पुलिस को आशंका है कि बांध पर मछली पकड़ने के दौरान चारों की मौत हुई होगी।

### गोदाम से ढाई करोड़ की पेंटिंग 'प्रकृति' चोरी



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के एक गोदाम से प्रसिद्ध कलाकार सैयद हैदर रजा की ढाई करोड़ रुपए से अधिक कीमत की एक पेंटिंग कथित तौर पर चोरी हो गई। प्रसिद्ध चित्रकार द्वारा 1992 में बनाई गई 'प्रकृति' नाम की पेंटिंग अस्तगुरु ऑक्शन हाउस प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से चोरी हो गई।

इलाके में हाई अलर्ट जारी

## गणेश विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा, भीड़ ने दुकानों में लगाई आग



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक के नगमंगला, मांड्या में गणेश विसर्जन के दौरान झड़प का मामला सामने आया है। यहां दो संप्रदायों के बीच हुआ ये टकराव इतना बढ़ा कि हालात बेहद तानवपूर्ण हो गए। सामने आया है कि उपद्रवियों द्वारा कई दुकानों, जिनमें पेंट की दुकानें, बाइक शोरूम और कपड़ों की दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे ये पूरी तरह जलकर राख हो गईं। सड़कों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को भी निशाना बनाकर आग लगा दी गई, जिससे तनाव और बढ़ गया।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

*बदरिकोप्पलु गांव के युवक गणेश विसर्जन के लिए जुलूस निकाल रहे थे। जब जुलूस नागमंगला की मुख्य सड़क पर स्थित एक मस्जिद के पास से गुजर रहा था, तो मस्जिद के पास से जुलूस पर कथित तौर पर पत्थर फेंके गए। इस घटना से हालात बिगड़ गए और दोनों समुदायों के बीच झड़पें होने लगीं। उपद्रवियों ने दुकानों में तोड़फोड़ की और दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया, लेकिन गुस्साए हिंदू समुदाय के लोगों ने थाने में प्रदर्शन किया और घटना के जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।*

40 से अधिक इंटर्न डाक्टरों ने लगाया था आरोप

## छेड़छाड़ के आरोपी सिम्स के एचओडी हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



आखिरकार सिम्स प्रबंधन ने स्वीकार किया कि सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी राज ने 2019 बैच की लगभग 40 से अधिक महिला इंटर्न से छेड़खानी की थी। इस प्रोफेसर को अब सिम्स से हटा दिया गया है। उनका तबादला शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर किया गया है। हालांकि शासन की इस कार्रवाई को भी मामले को दबाने और आरोपी प्रोफेसर को ▶▶|शेष पेज 4 पर

- महीनों तक मामले को दबाने का आरोप लगा सिम्स प्रबंधन पर
- अभी भी सिर्फ ट्रांसफर, कानूनी कार्रवाई से बचाया जा रहा

ऐसे लिया बदला

## 2 दिन में 1.40 लाख का ओला स्कूटर खराब, फूंक दी दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक को सर्विसिंग में लगातार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जहां कई ग्राहक ओला एक्सपीरियंस सेंटर के सामने अपने व्हीकल में तोड़फोड़ या अलग तरीके से प्रदर्शन कर चुके हैं। तो अब एक दिल दहला देने वाला मामला सामना आया है। दरअसल, कर्नाटक के कलबुर्गी में एक शख्स ने ओला के शोरूम में आग लगा दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी मोहम्मद नदीम नाम के शख्स ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे अपनी नई इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए सही सर्विस नहीं मिल रही थी। ऐसे में परेशान होकर उसने पूरे शोरूम में ही आग लगा दी।

### लाखों का नुकसान

आग लगने से पूरा शोरूम जलकर खाक हो गया। दुकान से धुएं के गुबार उठते देखे गए थे। इस घटना से लगभग 8.5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई, क्योंकि कथित तौर पर उस समय शोरूम बंद था।

### पेट्रोल डालकर शोरूम जला डाला

*रिपोर्ट के अनुसार, ये घटना 10 सितंबर की है। आरोपी मोहम्मद नदीम अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर से परेशान था। इसमें बार-बार खराबी आ रही थी। शोरूम वालों से कई बार शिकायत करने पर भी कोई मदद नहीं मिली। शोरूम में ग्राहक सेवा अधिकारियों से कहासुनी की और पेट्रोल डालकर शोरूम में आग लगा दी। इस आग में 6 गाड़ियां और कम्प्यूटर सिस्टम जलकर खाक हो गया। नदीम पेशे से एक मैकेनिक हैं।*

एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष

## सीएम साय चुने गए आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। मुख्यमंत्री निवास में बुधवार को आयोजित की गई एसोसिएशन की आमसभा में सर्व सम्मति से उनको अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, आज व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए गौरव की बात है। आर्चरी एसोसिएशन ने बड़ी कुशलता और परिश्रम से छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों की प्रतिभा को तराशा जिससे हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर सहित अनेक प्रतियोगिताओं ▶▶|शेष पेज 4 पर



### प्रदेश में तीरंदाजी की तीन अकादमी

जशपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा निवास करती है। ये लोग बड़े धनुर्धर होते हैं, प्राचीन काल में पहाड़ी कोरवा तीर धनुष से शिकार करते थे। आज भी उनके हर घर में तीन धनुष रहता है। उन्होंने कहा, इन लोगों की तीरंदाजी की नैसर्गिक प्रतिभा को तराशने के प्रयास किए जाने चाहिए। अभी प्रदेश ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष भारत मटियारा, रामलखन पैकरा, दीपेश अरोरा सहित अनेक पदाधिकारी, ऑब्जर्वर अकरम खान, सुमंता चंद्र मोहंती, प्रवेश जोशी सदस्य गण, तीरंदाजी में पदक विजेता खिलाड़ी उपस्थित थे।

*पुलिस ने बताया खुदकुशी*

## अभिनेत्री मलाइका के पिता की छत से गिरकर मौत



**मुंबई।** अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने बुधवार सुबह मुंबई की एक इमारत की छठी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनिल अरोड़ा (65) ने बांद्रा की एक इमारत की छठी मंजिल से सुबह करीब नौ बजे कथित तौर पर छलांग लगा दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और अरोड़ा को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।अधिकारी ने कहा कि घटना के पीछे की वजह अभी पता नहीं चली है और जांच जारी है।

### खुदकुशी या हादसा, लग रहे कयास

*एक सूत्र ने कहा, यह सच है कि मलाइका के पिता की आज सुबह मृत्यु हो गई। उन्होंने खुदकुशी नहीं की है, यह एक हादसा था। सब सदमे में हैं क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी या ऐसी कोई बात नहीं थी। सूत्र ने कहा, हम पुलिस का पंचनामा मिलने पर आपको भेज देंगे।*

### रोते-कांपते घर पहुंचीं मलाइका

*पिता के निधन की खबर मिलते ही वो रोते-कांपते घर पहुंचीं, उनकी छोटी बहन अमृता अरोड़ा का भी हाल बेहाल दिखा। मुश्किल वक्त में अरबाज खान और अर्जुन कपूर उन्हें संभालने पहुंचे। बीती रात मलाइका के साथ उनकी छोटी बहन अमृता अरोड़ा भी हंसते-मुस्कुराते पिता के घर के बाहर देखी गई थीं।*


नेताओं ने दम-खम के साथ रखा अपना-अपना पक्ष

# ट्रंप पर भारी पड़ीं भारतीय मूल की कमला हैरिस!

एजेंसी ▶▶| फिलाडेल्फिया

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का मंगलवार को पहली बार आमना सामना हुआ। दोनों नेताओं के बीच संभवतः यह एकमात्र बहस है जिसमें दोनों ने गर्भपात, प्रवासन और अमेरिकी लोकतंत्र जैसे कई मुद्दों पर अलग अलग नजरिया पेश किया। 1 घंटे 45 मिनट की बहस में कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति पर तीखा हमला बोला। ▶▶|शेष पेज 4 पर





### सोशल मीडिया पर लोग क्या बोले?

अमेरिका के फेमस पत्रकार पायर्स मोर्गन ने भी कमला हैरिस को डिबेट का विजेता बताया है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 'वाह! कमला हैरिस ने वह बहस आसानी से जीत ली। ट्रंप डिबेट के दौरान नीरस लगे। हैरिस शुरू में घबराई हुई थीं, लेकिन धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया. कमला की बड़ी जीत।

### अवैध प्रवासन पर ट्रंप ने हैरिस को घेरा


ट्रंप ने अवैध प्रवासन के मुद्दे पर भी हैरिस को घेरा। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ने संकल्प लिया है कि वह अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को देश से निकाल बाहर करेंगे और चेतावनी देते हुए कहा कि हैरिस 'बाइडन से भी बदतर' हैं तथा उनकी नीतियां अमेरिका को वेनेजुएला बना देंगी। ट्रंप बार-बार हैरिस और बाइडन को कमजोर साबित करते रहे।

### हैरिस को 63, ट्रंप को बताया 37 फीसदी

एक पोल के अनुसार, कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मंगलवार की बहस देखने वाले पंजीकृत मतदाताओं 63 प्रतिशत ने माना कि हैरिस ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, ट्रंप के प्रदर्शन को 37 प्रतिशत ने अच्छा बताया। खास बात यह है कि बहस से पहले मतदाता दोनों के प्रदर्शन पर समान रूप से बंटे थे। 50% ने हैरिस और 50% ने ट्रंप के मजबूत प्रदर्शन की बात कही थी।

कश्मीर में बड़ा ऑपरेशन

## उधमपुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराए जैश के तीन आतंकवादी



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में जारी मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बताया कि घने जंगल में आतंकवादियों के खिलाफ यह पहला सफल अभियान है, जहां पिछले छह ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पांच राइफल पिस्टल समेत हथियार बरामद

उधमपुर और कठुआ जिलों के इन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया है। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों के पास से एक एम 4 राइफल, एके राइफल और पिस्टल समेत विभिन्न हथियार बरामद किए हैं।

## चिंतन

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आएगा पाकिस्तान

पाकिस्तान सरकार दिवालिया होने से बचने के लिए दुनियाभर के देशों से भीख मांग रही है। उसे वहां से कुछ फौरी राहत भी मिली है, परंतु वह बस इतनी है जो रोजाना के सरकारी खर्च तो चल रहे हैं, परंतु जनता की दयनीय दशा में कोई खास सुधार नहीं हो सकता। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था उस मरीज की तरह हो चुकी है, जो मृत समान ही है, पर वेंटिलेटर लगाकर उसे आधिकारिक रूप से मृत घोषित किए जाने से बचाकर रखा गया है। इसके बावजूद नापाक पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वो रह रहकर भारत को छेड़ने की हरसंभव कोशिश करता रहता है। उसका हर संभव प्रयास होता है कि किसी भी तरह से भारत में अशांति फैलाई जाए। उसकी कोशिश है कि किसी कश्मीर में आतंकवाद को दोबारा जिंदा किया जाए। भारत का अमन-चैन उससे सहन नहीं होता, लेकिन हमारे सुरक्षा बलों की चौकसी उसके हर मंसूबे को नाकाम कर रही है। एक के बाद एक कश्मीर में आतंकी मारे जा रहे हैं। बुधवार को भी जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए हैं। आर्मी के फर्स्ट पैरा के जवानों को उधमपुर के खंडरा टॉप के जंगलों में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। दोपहर 12.50 बजे आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग की। जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की। करीब चार घंटे चले एनकाउंटर के बाद सुरक्षाबलों ने तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। पाक सेना सीमा पर भी गोलीबारी करके भारत को उकसाने की कोशिशों में लगी रहती है। 10-11 सितंबर की दरमियानी रात 2:35 बजे जम्मू-कश्मीर के अखनूर में पाकिस्तानी जवानों ने बॉर्डर पर सीजफायर का उल्लंघन किया। जवाब में हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी फायरिंग की। हमारा एक जवान घायल हो गया है। असल मसला ये है कि 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की पहले फेज की वोटिंग होनी है। पाकिस्तान को लग रहा है कि कहीं कश्मीर में शांतिपूर्वक सरकार बन गई तो उसके नापाक मंसूबे ध्वस्त हो जाएंगे। 17 अक्टूबर को भी पाकिस्तानी रेंजर्स ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर फायरिंग की थी। इसमें दो बीएसएफ जवान घायल हुए थे। घटना इंटरनेशनल बॉर्डर पर हुई थी। जबकि भारत और पाक के बीच युद्धविराम समझौता भी है। भारत और पाकिस्तान ने 25 फरवरी, 2021 को युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों ने घोषणा की थी कि वे जम्मू-कश्मीर और अन्य क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम पर सभी समझौतों का सख्ती से पालन करेंगे। तब इस्लामाबाद और नई दिल्ली में जारी एक संयुक्त बयान में इसका ऐलान किया गया था। भारत और पाकिस्तान ने शुरुआत में 2003 में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन पाकिस्तान समझौते का उल्लंघन करता आया है। फरवरी 2021 में लोकसभा में तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा था कि 2018, 2019 और 2020 में पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन के कुल 10,752 मामले हुए थे, जिसमें 364 सुरक्षाकर्मी और 341 नागरिक घायल हुए। 2020 में 5,000 से ज्यादा बार गोलीबारी की घटना हुई, जो एक साल में सबसे ज्यादा थी। साफ है कि पाक अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आएगा। इसके लिए जरूरी है कि उसे कड़े से कड़ा जवाब दिया जाए। एक बार ऐसा जोर का तमाचा मारा जाए कि वो दोबारा ऐसी हरकत करने की हिमाकत करने से पहले सौ बार सोचे।



नवाचार
प्रमोद भार्गव

# अब जैविक दूध से श्वेत क्रांति

**बीते 9 वर्षों में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। अब जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है। पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरी करने के साथ पौष्टिक भी होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ई-3 (इकोनोमी, एनवायरमेंट, एम्प्लायमेंट) नीति को जारी करते हुए कहा कि यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफेक्चरिंग क्षेत्र में होगी। आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग नहीं होगा।**

भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार अब जैविक तकनीक के क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। सरकार ने इस सिलसिले में देश में पहली बार ई-3 (इकोनोमी, एनवायरमेंट, एम्प्लायमेंट) नीति जारी की है। इसके तहत दूध, खाद्यान्न, पर्यावरण सहित प्रत्येक चुनौती से निपटने की तैयारी है। इस क्षेत्र में फिलहाल जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है। पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरा करने के साथ पौष्टिक भी होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस ई-3 नीति को जारी करते हुए कहा कि यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी।

आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग कतई नहीं होगा। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर है और विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 24 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। बीते 9 वर्षों में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2022-23 में 459 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। 9 वर्ष पहले यह उपलब्धता महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। जबकि कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी। किंतु अब पशु संवर्धन के लिए किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। दूध की उपलब्धता बढ़ी तो भारतीयों के खान-पान की आदत में दूध और उसके उत्पादों का सेवन व खपत भी बढ़ गई। अब प्रत्येक भारतीय दुनिया में औसत खपत में से 65 ग्राम अधिक दूध पीने लगा है। दूध की वैश्विक औसत खपत फिलहाल 394 ग्राम प्रति व्यक्ति है। भारत में दूध पशुपालक उत्पादित करते हैं। उनका यह परंपरागत धंधा है, जिसे वे ज्ञान परंपरा से जानते व सीखते हैं। भारत में दूध, दही, घी और मक्खन का उत्पादन प्राचीन समय से चला आ रहा है।

भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं दही, माखन की चोरी और फिर कंस को गोकुल से कर के रूप में दुग्ध उत्पादन नहीं भेजने के विरोध से जुड़ी हैं। दूध को लेकर कृष्ण के नेतृत्व में ग्वाल समाज का दूध के परिप्रेक्ष्य में शायद यह क्रांति का पहला उद्घोष था। इसके बाद ब्रिटिश साम्राज्य में यह विरोध देखने में आया और सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में इसने श्वेत या दुग्ध क्रांति के रूप में जन्म लिया। दरअसल, जिस खेड़ा क्षेत्र से श्वेत क्रांति की शुरुआत हुई थी, वही आजादी के बाद खेड़ा जिला बना और वर्तमान में इसे ही आनंद के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में 30 करोड़ से अधिक गाय एवं भैंस के साथ 2 करोड़ से अधिक भेड़-बकरी आदि पशुओं को पाल-पोसकर यह दूध प्राप्त किया जा रहा है। लेकिन इसकी खपत और जरूरत निरंतर बढ़ रही है।

फिरंगी हुकूमत के दौरान पॉल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी।



इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की। इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। किसानों की ज्ञान परंपरा और वर्गीज कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया।

बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं।

वर्ष 2013-14 के दौरान देश में 1463 लाख टन दूध उत्पादन हुआ था, जो 2022-23 में बढ़कर 2306 लाख टन हो गया है। भारत में प्रत्येक वर्ष दूध उत्पादन 5.9 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है, जबकि दुनिया में दूध की औसत वृद्धि दर्ज प्रतिवर्ष मात्र दो प्रतिशत है। लगभग 150 देशों में भारत के सह दुग्ध उत्पादों की मांग बनी हुई है। पिछले वर्ष 65 लाख टन दुग्ध उत्पादन का निर्यात हुआ था। इस निर्यात के 2024 में और बढ़ने की उम्मीद हैं। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री संजीव बालियान का कहना है कि 'देश की अर्थव्यस्था में डेयरी सेक्टर का योगदान पांच प्रतिशत है और यह लगभग आठ करोड़ लोगों के रोजगार का बारहमासी मजबूत साधन है।' दूध की इस बड़ी अर्थव्यस्था में समृद्धि का रास्ता राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अस्तित्व में आने के बाद खुला है। इस योजना की शुरुआत दिसंबर 2014 में हुई थी। लक्ष्य था, वैज्ञानिक तरीके से देसी गो-जातीय प्रजातियों का विकास और संवर्धन।

फलस्वरूप राज्यों में गायों और भैंसों के परंपरागत प्रजनन तरीके से अलग किसानों के दरवाजे पर कृत्रिम गर्भाधान और आईवीएफ सेवाएं उपलब्ध कराईं। इसके नतीजे कारगर निकले। दूध की इस बढ़ती खपत के चलते दुनिया के देशों की निगाहें भी इस व्यापार को हड़पने में लगी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी दूध का कारोबार करने वाली फ्रांस की कंपनी लैक्टेल है। इसने भारत की सबसे बड़ी हैदराबाद की 'तिरूमाला डेयरी' को 1750 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। भारत की तेल कंपनी ऑइल इंडिया भी इसमें प्रवेश कर रही है। क्योंकि दूध का यह कारोबार विश्वस्तर पर करीब 16 फीसदी की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



श्रीपुरम गोल्डन मंदिर तमिलनाडु के वेल्लोर शहर में मालाकोडी की पहाड़ियों पर स्थित है। यह मंदिर धन की देवी लक्ष्मी और भगवान नारायण को समर्पित है। सोने से बने इस मंदिर को 100 एकड़ के क्षेत्र में फैलाया गया है। बता दें कि पूरी तरह से शुद्ध सोने से बने इस मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2007 में पूरा हुआ है।

पूर्वांचल
कृष्णमोहन झा



# मणिपुर में कठिन चुनौतियों के बीच काम कर रहा संघ

देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पिछले एक साल से जारी हिंसात्मक उपद्रवों के कारण असुरक्षा का जो माहौल बना हुआ है उस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत कई बार गंभीर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। संघ प्रमुख ने मणिपुर की समस्या के समाधान हेतु त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। हाल में ही संघ के समर्पित कार्यकर्ता शंकर दिनकर काणे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में संघ प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में असुरक्षा के माहौल में रहकर भी संघ के कार्यकर्ता दोनों समूहों के बीच शांति ,सौहार्द और परस्पर विश्वास कायम करने के लिए रात-दिन काम कर रहे हैं और उन्हें अपने प्रयासों में अब सफलता मिलने लगी है। संघ प्रमुख ने मणिपुर में शिक्षा के प्रचार-प्रसार और राज्य के बच्चों को शिक्षित करने के लिए शंकर दिनकर काणे के सराहनीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि वे चालीस साल पहले मणिपुर में शिक्षा की जड़ें मजबूत करने के लिए वहां काफी समय तक रुके और इसी पुनीत भावना से वहां के बच्चों को महाराष्ट्र लेकर आए तथा यहां उनके आवास और शिक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए।

मणिपुर में संघ के कार्यों के अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में चालीस साल पहले जो बदतर होते हालात थे, उसमें सकारात्मक बदलाव लाने में काणे जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है जो वहां जाकर वहां का हिस्सा बन गए और बदलाव लाने के लिए समर्पित भाव से जुटे रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि पूर्वांचल को पंद्रह साल पहले समस्याओं वाला क्षेत्र कहा जाता था परन्तु अब स्थितियां बदल चुकी हैं। मणिपुर में बहुत बदलाव आया है परन्तु कुछ लोग मणिपुर में अशांति का वातावरण निर्मित कर वहां की प्रगति के मार्ग में बाधा खड़ी करना चाहते हैं लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं होंगे। राज्य की जनता समझ चुकी है कि अशांति का माहौल रहते प्रगति नहीं हो सकती। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता असुरक्षित माहौल में भी अपने काम में लगे हुए हैं। वे दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर उनके बीच क्रोध और द्वेष को कम करने तथा उनके बीच अविश्वास की खाई को पाटने की कोशिश कर रहे हैं।

संघ के कार्यकर्ताओं क्रो अपनी कोशिशों में लगातार सफलता मिल रही है। संघ के कार्यकर्ताओं को अपने कार्यों से दोनों पक्षों का विश्वास अर्जित करने में कामयाबी मिली है। मणिपुर में सामाजिक समन्वय स्थापित करने और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने में शंकर दिनकर काणे जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रयास फलीभूत हुए हैं। गौरतलब है कि संघ प्रमुख ने लोकसभा चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद अपने एक भाषण में कहा था कि मणिपुर एक साल से जल रहा है। वहां स्थितियां सामान्य करने के लिए प्राथमिकता से प्रयास करने होंगे। संघ के कार्यकर्ता कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए वहां जिस मुस्तैदी से डटे हुए हैं उसको रेखांकित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता वहां दोनों पक्षों के लोगों की सेवा कर रहे हैं। केवल एनजीओ यह काम नहीं कर सकते।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निरंतर रूप से निखरती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है।

# सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पाकिस्तान का झूठ बेनकाब

पाकिस्तान आतंकवाद की ही नहीं, बल्कि झूठ की भी फैक्टरी है। लेकिन कहते हैं न कि 'सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से।' पाकिस्तान की असलियत सबके सामने आ चुकी है। अब इसकी ड्रामेबाजी नहीं चलने वाली। पाकिस्तान कायरतापूर्ण हरकतें करता आया है। कारगिल युद्ध में भी इसने अपनी कायरता दिखाई थी, इस बात को वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कुछ दिन पहले, 6 सितंबर को रक्षा दिवस के दिन माना है। पाकिस्तान ने इस बात को कभी भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था कि कारगिल युद्ध में उसकी सीधी भूमिका थी। वो हमेशा ही यह कहता रहा है कि कारगिल युद्ध में उसके यहां के मुजाहिदीन और स्वतंत्रता सेनानियों का काम था। लेकिन अब उसे स्वीकार करना पड़ा है कि यह काम पाक का ही था। *- मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# केन्या में अदाणी समूह के खिलाफ प्रदर्शन

केन्या सरकार और भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह के बीच हुए एक समझौते के विरोध में बुधवार को देश के मुख्य हवाई अड्डे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण विमानों का परिचालन थमा रहा और सैकड़ों यात्री हवाई अड्डे पर फंसे रहे। सरकार ने कहा है कि अदाणी समूह के साथ निर्माण और संचालन समझौते के तहत जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नवीनीकरण किया जाएगा और एक अतिरिक्त रनवे एवं टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। समझौते के तहत समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे का संचालन करेगा। 'केन्या एयरपोर्ट वर्कर्स यूनियन' ने हड़ताल की घोषणा की और आरोप लगाया कि इस समझौते से लोगों के रोजगार जाएंगे और जिनकी नौकरियां बची रहेंगी उन पर 'सेवा की बेहद खराब नियम एवं शर्तें' लगाई जाएंगी। नैरोबी में सेवा देने वाली विमानन कंपनी 'केन्या एयरवेज' ने घोषणा की कि हवाई अड्डे पर जारी हड़ताल के कारण विमानों के परिचालन में देरी होगी और संभवतः परिचालन रद्द करना पड़ेगा। पिछले सप्ताह हवाई अड्डा कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी, लेकिन सरकार के साथ वार्ता लंबित रहने के कारण उन्होंने हड़ताल वापस ले ली थी।



## ऑफ बीट


# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है



बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस देश विरोधी



देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जाति जनगणना अजेय विचार



जाति जनगणना अब एक अजेय विचार है। यह महत्वपूर्ण प्रश्न कि क्या हमारी 90% आबादी का भारत की संस्थागत संरचना - अर्थव्यवस्था, सरकार, शिक्षा - में सार्थक प्रतिनिधित्व है - एक उत्तर की मांग करता है। इसके मूल में, यह निष्पक्षता और न्याय का मुद्दा है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### मिलकर खुशी हुई



अमेरिका के एक्जिम बैंक की अध्यक्ष से दिल्ली में बैठक के दौरान मिलकर खुशी हुई। भारत क्वायड का एक प्रमुख सदस्य है और बड़ी संख्या में क्षेत्रों में उच्च स्तर की वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकता है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### आध्यात्मिक सुयोग



सागर यात्रा की पूर्व संध्या पर भगवान वरूण की आरती करके इस आध्यात्मिक सुयोग का शुभारंभ करना मेरे लिए एक सर्वथा नवीन अनुभव था। प्रथम दिन इस जहाज़ पर भारतवंशियों की संख्या व समृद्धि देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।
-कुमार विश्वास, कवि व व्याख्याता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
आसान ड्राइविंग के लिए ऑटोमैटिक कार्स.
CREEP FUNCTION (Ease to drive in bumper-to-bumper traffic)
UNBEATABLE MILEAGE OF 26.68 KMPL**
KICK-DOWN FUNCTION (Easy overtaking)
HILL HOLD ASSIST
महा बचत
CELERIO ₹56 100*
ALTO K10 ₹59 100*
S-PRESSO ₹59 100*
SWIFT ₹41 100*
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
CELERIO ALTO K10 S-PRESSO SWIFT
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Terms & Conditions apply. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate offer (wherever applicable) on select models/variants and selected states. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September 2024 or till stocks last. Creative visualization. **The mileage and the engine image shown are from the Celerio VXI AGS variant. Fuel efficiency certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ***The gearbox image shown is from the Swift ZXI + AGS varient. Offers may vary to the model and variant purchased. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

## जैकेट के शेष

### छलकती नदियों ने .....

दुर्ग में शिवनाथ और आमनेर नदी का पानी छलक रहा है, जिसके कारण शहर का बालोद, राजनांदगांव और धमधा से संपर्क टूट गया है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने तेज बारिश की वजह से वाटरफाल में पानी बढ़ने से इस सीजन में दूसरी बार पर्यटकों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश बंद किया गया है। मुनगाबहार नाला उफान पर है, सुरक्षा को लेकर प्रबंधन चौकस और जलप्रपात के आसपास तक जाने के लिए मनाही की गई है। लगातार 3 दिनों से हो रही बारिश से एक ओर जहां खेत-खलिहान में पानी भर गया है, वहीं चित्रकोट से लेकर तीरथगढ़ व अन्य जलप्रपात में लगातार पानी भर गया है। इस जलप्रपात को देखने न सिर्फ बस्तर संभाग के लोग बल्कि बाहर से आये पर्यटक भी बस्तर पहुंचे है, लेकिन पानी का स्रोत बढ़ जाने से तीरथगढ़ जलप्रपात जाने से पर्यटकों को मना कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बस्तर में लगातार 3 दिनों से हो रहे बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं, वहीं रायपुर से लेकर कोलकाता एवं अन्य जगहों से भरी संख्या में पर्यटक इस खूबसूरत नजारा को देखने के लिए आये हुए है, लेकिन बारिश के चलते मुनगा बहार नाला उफान पर होने के कारण तीरथगढ़ में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है, जिसके चलते तीरथगढ़ को बंद कर दिया गया है। साथ ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ऐसे में कोई भी पर्यटकों को नीचे जाने नहीं दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बढ़ते बारिश के पानी को देखते हुए दूसरी बार तीरथगढ़ को बंद किया गया है, जिससे कि आमजन नीचे न जा सकें। पिछले बार पर्यटकों के द्वारा अपनी जान को दांव में लगाते हुए वाटरफाल के काफी करीब चले गए थे, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी, लेकिन इस बार विभाग की ओर से किसी भी प्रकार से कोताही न बरतते हुए तीरथगढ़ को बंद कर दिया गया है।

**सड़क मार्गों में घुटने से ज्यादा पानी** : शिवनाथ नदी में बैराजों से पानी छोड़े जाने और जोरदार बारिश होने की वजह से बाढ़ का पानी दुर्ग शहर के प्रमुख मार्गों में जा पहुंचा है। इसकी वजह से दुर्ग से बालोद, राजनांदगांव और धमधा से संपर्क टूट गया है। तीनों की सड़क मार्गों में घुटने से ज्यादा पानी बह रहा है। इसलिए बसें, टैक्सी, भारी वाहनों व दोपहिया वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। राजनांदगांव के लिए बायपास मार्ग अपनाना पड़ रहा है। पुलगांव चौक पर पुलगांव नाला का पानी भर गया है। शिवनाथ नदी का पुराना पुल के किनारे से महमरा होते हुए पानी प्रमुख सड़क मार्ग पर आ रहा है। आमनेर नदी में बाढ़ की वजह से धमधा मार्ग बंद हो गया है। नदी किनारे के 32 गांव प्रभावित हैं।

**बाढ़ से सब्जियों को नुकसान** : शिवनाथ व आमनेर नदी में बाढ़ का पानी नदी किनारे सब्जी बाड़ियों में घुस गया है। जिसकी वजह से सब्जी उत्पादक किसानों को नुकसान पहुंचा है। जिला उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक पूजा साहू ने बताया कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद यह सर्वे हो सकेगा कि कितना नुकसान पहुंचा है। किसानों से कहा गया है कि नुकसान की शिकायत नजदीकी उद्यानिकी विभाग को अवश्य करें।

**एक रात की बारिश में आई बाढ़** : राजनांदगांव जिले में सालों बाद बाढ़ की ऐसी स्थिति निर्मित हुई, जब कई गांव दो दिनों तक टापू में तब्दील रहे। यही नहीं राजनांदगांव से डोंगरगांव रोड भी कल बाधित हो गई थी। इधर प्रशासन ने गांवों में राहत शिविर शुरू किए हैं, जहां सैकड़ों लोगों को आश्रय दिया गया है।

### बाढ़ का पानी ....

के घरों में पानी घुसने की वजह से नुकसान हुआ है, कई घर क्षतिग्रस्त भी हुए। करीबन तीन सौ लोगों को राहत शिविर में रखकर प्रशासन द्वारा भोजन उपलब्ध कराया गया। इधर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव पहुंचे। उन्होंने धामनसरा, हरदी सहित अन्य इलाकों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों की समस्या को सुलझाने अफसरों को निर्देशित भी किया। उल्लेखनीय है कि सोमवार की रात जिले में करीब 153 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिसके चलते राजनांदगांव शहर के करीब बसे लगभग आधा दर्जन गांव में शिवनाथ का पानी पहुंच गया था। सिंगदई, मोहारा, हरदी, जंगलेशर, मोखला, धीरी जैसे इलाकों में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### पिस्टल लेकर घुसे ....

राजेश सोनी पर बंदूक तान दिया और उनके साथ जमकर मारपीट की जबकि अन्य लुटेरों ने भी हथियार के बल पर दुकान में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारी को किनारे बैठा दिया और बड़े ही आराम से उन्होंने दुकान में रखे सोने के जेवरों को लूटकर अपने बोरे में भरना शुरू कर दिया। आरोपियों ने दुकान के काउंटर के अंदर, डिस्प्ले में लगाकर रखे गए सोने के जेवरों, सोने की बिस्किट बोरे में भरकर दुकान के बाहर निकल आए और बाइक पर बैठकर फरार हो गए।

**दम्पति का लूट लिया मोबाइल फोन** : घटना के दौरान ग्राम चाकी निवासी लालेश्वर गुप्ता भी पत्नी शोभा गुप्ता के साथ दुकान में अंगूठी बदलने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान ही तीनों लुटेरे दुकान में दाखिल हुए। उन्होंने दुकान के कर्मचारी को एक कोने में बैठा दिया और दम्पति का मोबाइल फोन लूटकर दुकान के सोफे पर बैठा दिया। इस दौरान दुकान के अंदर एक आरोपी हथियार लेकर लहराते हुए दुकान में मौजूद दम्पति, एक अन्य ग्राहक व कर्मचारी को धमकाता रहा।

**पूर्व विधायक पहुंचे घटनास्थल** : घटना की जानकारी मिलने पर विधायक बृहस्पति सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। पूर्व विधायक ने थाने पहुंचकर लुटेरों को पकड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना से पूरे नगर के लोग दहशत में है आरोपियों के द्वारा दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया गया। बृहस्पति सिंह ने राजेश ज्वेलर्स के संचालक राजेश सोनी से मिलकर ढांढस बंधाया।

**दहशत में परिवार** : दुकान में मौजूद सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान जो बात सामने आई है उसके मुताबिक्र आरोपियों ने राजेश सोनी पर पिस्टल के बट से लगातार कई बार प्रहार किया। आरोपियों में से एक लगातार राजेश सोनी के सिर पर पिस्टल से मारता रहा। इस मारपीट में वे लहूलुहान हो गए। घटना के बाद घायल राजेश सोनी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना के बाद राजेश सोनी की मां, पत्नी प्रियंका सोनी, बहन सीमा सोनी का रो रोकर बुरा हाल है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद परिवार के सदस्य व नागरिक दहशत में आ गए है।

**11 माह पहले हुई लूट के आरोपी गिरफ्त से बाहर** : जेवर दुकान में लूट का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व वार्ड क्रमांक 9 आढ़त रोड में संचालित सुषमा सोनी पति स्व. शम्भू सोनी के शम्भू ज्वेलर्स में भी 11 अक्टूबर 2023 को लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। कोरोना काम में पति की मौत के बाद सुषमा सोनी ही दुकान का संचालन करती है और प्रतिदिन अपने दुकान का जेवर लेकर घर चली जाती थी। घटना दिवस को जेवर से भरा बैग लेकर वे दुकान खोलने पहुंची थी। इस दौरान बाइक से पहुंचे दो लुटेरों ने महिला के पास रखे जेवर से भरा बैग लूट लिया और झारखंड की ओर भाग निकले। आरोपियों ने 9 लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया था लेकिन अब तक इस मामले में पुलिस के हाथ खाली है।

**एसपी भी पहुंचे झारखंड** : वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पुल से होते हुए झारखंड की ओर भाग निकले। सूचना मिलने के बाद एसपी राजेश अग्रवाल व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाला। आरोपी जिस तरह से बात कर रहे थे उससे उनके गढ़वा रंका क्षेत्र के होने की संभावना जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच के बाद एसपी राजेश अग्रवाल स्वयं झारखंड रवाना हो गए। एसपी श्री अग्रवाल द्वारा झारखंड पुलिस की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। एसपी ने बताया कि वे स्वयं झारखंड के रमकंडा में मौजूद है और स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपियों के बारे में पतासाजी की जा रही है।

### रेकी के बाद वारदात....

दुकान के कुछ आगे बाइक लगाई। वारदात के बाद जब आरोपी हथियार लहराते हुए भागने लगे तब मोची बाबूलाल रवि को भी वारदात की जानकारी मिल सकी।

### झारखंड की ओर ....

जिसके बाद लोगों ने लुटेरों का पीछा भी किया लेकिन वे काफी तेजी से झारखंड की ओर भाग निकले। बताया जा रहा है कि राजेश सोनी के जेवर दुकान से लुटेरे लगभग 8 किलो सोना व 7 लाख रुपए नगद की लूट की है। लूटे गए सोने की कीमत लगभग 6 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। घटना में राजेश सोनी को गंभीर चोटें आई है। उनका उपचार कराया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### लूट के विरोध में ....

मशक्कत करनी पड़ी। लगातार जेवर दुकानों में हो रही लूट की घटना के बाद आक्रोशित नगरवासियों ने नगर स्वतः ही अपनी दुकानें बंद कर दी। बीच बाजार में हथियार की नोक पर हुई इस घटना के बाद नगर बंद कर लोगों ने अपना विरोध जताया। घटना की जानकारी मिलते ही सर्राफा संघ के ओमप्रकाश सोनी, रोशन लालमणि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी रामानुजगंज पहुंचे। संघ ने घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

### दो दशक में ....

किया है। वहीं बीते 20 वर्षों में मारे जाने और घायल होने वाले माओवादी लीडर्स और सदस्यों की संख्या भी जारी किया गया है। इस दौरान अलग अलग मुठभेड़ों में जवानों के मारे जाने व घायल होने की संख्या व जवानों से लूटे गए हथियारों और जवानों द्वारा माओवादियों से बरामद हथियारों की संख्या भी जारी की गई है। सेंट्रल कमेटी ने बताया कि दो दशक में माओवादियों के 8 पोलित ब्यूरो के अलावा 22 केंद्रीय कमेटी मेंबर व 1 हजार से अधिक महिला माओवादियों के मौत का भी खुलासा किया गया है। बुकलेट में बताया कि दो दशक में कुल 5 हजार 249 माओवादियों की मौत हुई। इनमें 48 एसजेडसी व एससी मेंबर, 14 आरसी मेंबर, 167 जेडसी, डीवीसी व डीसी मेंबर, 26 सबजोनल कमेटी मेंबर, 505 एसी व पीपीसी मेंबर व 871 पार्टी व पीएलजीए मेंबर की मौत का जिक्र किया गया है। इसके अलावा माओवादियों ने 3596 मौतों को जन निर्माण कार्यकर्ता और क्रांतिकारी जनता बताया है। वहीं बीते एक साल में 218 सदस्यों, कार्यकताओं और लीडर्स की मौत का किया उल्लेख किया गया है।

### तीन वर्ष में 669 ....

माओवादियों की सेंट्रल कमेटी ने जारी बुकलेट में संगठन कब कब और कैसे कमजोर हुआ और दोबारा कैसे मजबूत हुआ, इन बातों का भी जिक्र प्रमुखता से किया है।

### पेंशन दिलाने मांगी ....

पर कार्यरत था। जिसकी सेवानिवृत्ति हो गई थी। पीड़ित देवव्रत देवांगन लगातार उप संचालक राज्य संपरीक्षा कार्यालय दुर्ग का चक्कर लगाता रहा, लेकिन उसके पेंशन का निर्धारण नहीं किया जा रहा था। परेशान होकर पीड़ित ने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर के कार्यालय में शिकायत की गई।

### राहुल के बयान ....

की हालत पर राहुल गांधी ने जो बयान दिया है वो न केवल साहसिक है बल्कि 1947 के बाद से भारत में सिखों पर हो रहे अत्याचार को दिखाता है। यह पंजाब की आजादी के लिहाज से सिख फॉर जस्टिस के रुख की भी पुष्टि करता है।

### आयुष्मान भारत में ....


वरिष्ठ नागरिकों को आय की परवाह किए बिना स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना में बड़ा बदलाव किया है। इससे पहले यह योजना सभी वर्ग के बुजुर्गों को शामिल नहीं करती थी। अब 70 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग इस योजना का लाभ उठा पाएंगे। इस योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करवा सकते हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को यह बड़ा ऐलान किया है। अब 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया जाएगा। सरकार ने बताया कि इस कदम से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों को फायदा होगा। इन परिवारों में 6 करोड़ बुजुर्ग हैं। इन्हें परिवार के आधार पर 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। सरकार ने कहा, इस मंजूरी के साथ 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, एबी पीएम जाय के लाभों का लाभ उठाने के पात्र होंगे। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एबी-पीएम जाय के तहत एक नया अलग कार्ड जारी किया जाएगा। 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के जो बुजुर्ग पहले से ही एबी पीएम जाय के तहत कवर किए गए परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, उन्हें अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा (जिसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं)। आगे कहा गया है कि 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के अन्य सभी बुजुर्गों को परिवार के आधार पर 5 लाख रुपए तक का कवर मिलेगा। 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के जो बुजुर्ग पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं जैसे केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना , आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल का लाभ उठा रहे हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या एबी पीएम जाय का विकल्प चुन सकते हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि 70 साल और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो पहले से ही निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत लाभ उठा रहे हैं, वे इसके तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

रेसलर व कांग्रेस नेता विनेश फोगाट ने लगाया बड़ा आरोप

# बृजभूषण से डरते हैं प्रधानमंत्री इसलिए नहीं दिया हमारा साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद विनेश फोगाट ने राजनीति के अखाड़े में दम दिखाने का फैसला किया है। विनेश कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा के जुलाना से चुनाव में उतरी हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पर निशाना साधा। विनेश ने यहां तक कह दिया कि पीएम मोदी ने धरने पर बैठे उन जैसे पहलवानों की बात इसलिए नहीं सुनी क्योंकि वह बृजभूषण से डरते हैं। दरअसल, वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम ने इंटरव्यू में फोगाट से सवाल किया था सरकार के मुखिया तो मोदी हैं, वह थोड़े ही बृजभूषण सिंह के दबाव में फैसला करेंगे?' इसके जवाब में विनेश ने कहा था, 'दबाव में हैं तभी तो ऐसा चल रहा है।



## विनेश के खिलाफ आप ने उतारा एक और रेसलर



**जींद।** हरियाणा के जींद जिले की जुलाना विधानसभा सीट पर चुनावी मुकाबला बड़ा दिलचस्प हो गया है। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पहलवान विनेश फोगाट के सामने आम आदमी पार्टी ने रेसलिंग खिलाड़ी को चुनावी अखाड़े में उतार दिया है। बता दें, आप ने बुधवार को 21 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की। लिस्ट में जुलाना से डब्लूडब्लूई रेसलिंग खिलाड़ी कविता दलाल का भी नाम शामिल है। कविता जुलाना के माली गांव की रहने वाली हैं और डब्लूडब्लूई में रिंग नाम कविता देवी के नाम से जानी जाती है। गौरतलब है, विनेश ने बुधवार को ही जुलाना सीट से नामांकन भी दाखिल कर दिया है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- राजनांदगांव

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन कमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी ।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी सामान्य आवास योजना कौरिनभांठा, राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती उषा गुप्ता पति श्री विनोद कुमार गुप्ता भवन क्रमांक एच.आई.जी. 1-48, कौरिनभांठा, राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

क्रमांक/639/न.पा.प./लो.नि.वि./ई-टेण्डर/2024-25 कवर्धा दिनांक 10/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| SYSTEM TENDER NO. 158463 Construction of Jim Renovation At Indoor Stedium Near Kerpatrei Stedium, at Ward No. 09, Kawardha | 20.00 | 03.10.2024 |
| SYSTEM TENDER NO. 158464 Construction of CC Road/Concreting Behind Transport Nagar Complex, at ward N. 17, Kawardha | 95.00 | 03.10.2024 |
| SYSTEM TENDER NO. 158465 Road Beautification in front of Karpatri School at Kawardha | 50.00 | 03.10.2024 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://u.cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

## पेज एक के शेष

### अजब-गजब सरकारी योजना...

से आनलाइन पढाई करेंगे। यही नहीं इनको पढ़ाने के लिए 10 वीं 12 वीं के बच्चों को नियुक्त किया जा रहा है और उन्हें 10 अंक बोनस दिया जाएगा। इन्हें वोकेशनल ट्रेनर के तौर पर जाना जाएगा। देश में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो अपनी पढाई पूरी न कर पाने की वजह से मजदूरी, कुली, ड्राइवर और भी ऐसे काम कर रहे हैं जिनमे बहुत मेहनत करनी पड़ती है और जिनमे जॉब की कोई गारंटी नहीं होती, इन सभी कामो में अधिक मेहनत तथा कम वेतन मिलता है। अब नई उल्लास योजना लागू करने के साथ नया दावा है कि 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोग अधूरी पढ़ाई पूरी करने और साक्षरता हासिल कर सकेंगे।

**योजना लागू करने में होगी मुश्किल** : खास बात है कि इस पूरी योजना का क्रियान्वयन ऑनलाइन होना है। बिलासपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी जेके पाटले के मुताबिक इसके लिए कुछ भी बजट नहीं मिला है। इससे और परेशानी हो रही है। उनके मुताबिक डिजिटल मोड्स जैसे टी.वी , रेडियो, मोबाइल और ओपन सोर्स आधारित पोर्टल के माध्यम से पढ़ाने की योजना है। पढ़ाई के लिए किताबें और स्टडी मटैरियल भी आनलाइन ही मिलेगा। अधिकारियों ने यह भी माना है कि इसमें बड़ी परेशानी होनी है।

### खड़गे बोले-20...

की केंद्र सरकार धमकी देकर लोगों को डराती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोग डरने वाले नहीं हैं। मैं उन्हीं के एक आदमी का काम बताऊंगा। यहां के जो पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक थे। उन्होंने कहा कि बीमार होने और तीन-चार दिन से अस्पताल में रहने के बाद भी मेरे ऊपर ही छापे डाले गए। वहीं मैंने जिन लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। उन पर कोई ऐक्शन नहीं हुआ। आप सोचिए कि इस सरकार के काम करने वाले लोगों ने कितनी रकम बना ली और उन पर ऐक्शन के लिए यदि एक पूर्व गवर्नर कोशिश करता है तो उसी के घर पर छापे मारे जाते हैं।

### छेड़छाड़ के आरोपी सिम्स...

बचाने के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल महीनों तक इस मामले को पहले तो सिम्स प्रबंधन ने दबाकर रखा। जब मामले ने तूल पकड़ा तो एक जांच कमेटी बनाकर इसे ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश भी भरपूर की गई। महिला इंटर्नों से आरोपों को वापस लेने के लिए दबाव की बात भी सामने आई। इसके बाद भी मामला बढ़ता रहा तो अब जाकर आरोपी प्रोफेसर का तबादला तो किया गया है लेकिन प्रबंधन की पुलिस से शिकायत या एफआईआर की कोई कोशिश या प्रक्रिया नहीं की जा रही है।

### प्रदेश में तीरंदाजी...

में तीरंदाजी की तीन अकादमी हैं। जशपुर जिले में भी आर्चरी अकादमी का विस्तार करेंगे।

### ट्रंप पर भारी पड़ीं ...

उन्होंने कैपिटल हिल दंगा, गर्भपात कानून जैसे मुद्दों पर घेरा। हैरिस ने कहा कि लोग थकान और ऊब के चलते ट्रंप की रैलियों से चले गए। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने हैरिस को अप्रवासन, बॉर्डर और इजरायल को लेकर निशाने पर लिया। हैरिस इस बहस में मुद्रा स्फीति, इमिग्रेशन और अफगानिस्तान से वापसी जैसे मुद्दों पर साफ तौर पर कमजोर नजर आईं। उपराष्ट्रपति हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को खरी-खोटी सुनाते हुए उन्हें 2020 के चुनाव में मिली हार की याद दिलाई और उनके अन्य झूठे वादों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की। हैरिस की तीखी टिप्पणियों से तिलमिलाए ट्रंप ने उन पर निजी हमले शुरू कर दिए और विषय से भटक गए, जबकि उनके सलाहकारों और समर्थकों ने उन्हें हैरिस के खिलाफ इस तरह की टिप्पणियों से बचने का सुझाव दिया था। उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में ट्रंप के खिलाफ मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। जून में बाइडन और ट्रंप के बीच बहस हुई थी जिसमें बाइडन कोई खास छाप नहीं छोड़ पाए थे। बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से पीछे हटने के बाद अब हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं और बहस के दौरान उनके आक्रामक रवैये को देखकर हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। अखबार ने अपने विश्लेषण में लिखा, डोनाल्ड ट्रंप ने पिछली डिबेट में जो बाइडेन को 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर दिया, लेकिन मंगलवार रात (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह) को अपने नए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के खिलाफ डिबेट में रिपब्लिकन पार्टी को बार-बार झटके लगे।

### उधमपुर में ...

महीनों में छह से अधिक मुठभेड़ हो चुकी हैं। गत 28 अप्रैल को मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा रक्षक और 19 अगस्त को एक सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की जान चली गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एक और आतंकवादी खंडरा टॉप पर अभियान क्षेत्र में छुपा हुआ है और उसे मार गिराने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में छिपे आतंकवादियों ने अपराह्न लगभग 12.50 बजे तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राइजिंग स्टार कोर के जवानों के साथ खंडरा में जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

**छह महीने में छह मुठभेड़** : जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में बुधवार रात तक मुठभेड़ जारी रही।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**

जावक क्र. 176 रिसाली दिनांक 11-09-2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15(क) अंतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों की नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी/निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति/सुझाव दिनांक 30-09-24 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कालोनियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | स्थल/कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली | 684, 685 | 3.11 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप से कार्यालय नगर पालिक निगम रिसाली के कक्ष क्र. 09 भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त**
नगर पालिक निगम, रिसाली

**कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

क्रमांक/ 416/ लो.नि.शा./ न.पा.प./ 2024-25 कांकेर, दिनांक 11.09.2024

**-:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

नगरपालिका परिषद् कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु निर्धारित प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित सड़क / भवन एस.ओ.आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 के प्रचलित दर पर निकाय क्षेत्रांतर्गत सी.सी. रोड / आर.सी.सी. नाली एवं पेवर ब्लॉक फुटपाथ हेतु पंजीकृत डाक/ पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति से सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि | निविदा प्रपत्र प्राप्ती हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 15 वें वित्त से नगरपालिका कांकेर क्षेत्रांतर्गत 33 नग सी.सी. सड़क/ आर.सी.सी. नाली / पेवर ब्लॉक फुटपाथ निर्माण कार्य । | 293.39 लाख | दिनांक 19/09/2024 समय सायं 5.00 बजे तक । |

टीप - निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् कांकेर**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN – U40108CT2003SGC015820 GSTN-22AADCC5773E1ZX
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग, छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांस.कं.लिमि.,भिलाई
पता–पॉवर कंपनी परिसर, जी.ई.रोड भिलाई (छत्तीसगढ़) पिन –490021
वेबसाईट :- www.cspc.co.in ई–मेल eeehtconst.bhilai@cspc.co.in टेलीफोन नं :- टेलीफोन/फैक्स न.:- 0788.2281954

क्रमांक: 052 / 3400 / स्था / 625 भिलाई, दिनांक : 11.09.2024

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

टाटा योद्धा (डबल–केबिन) / महिन्द्रा बोलेरो केम्पर (1.0–1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु

कार्यपालन अभियंता (निर्माण)संभाग भिलाई के अन्तर्गत विभिन्न 220 / 132 के.व्ही. उपकेन्द्रों, लाईनों एवं फिडर बे से संबंधित कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग टाटा योद्धा (डबल–केबिन) / महिन्द्रा बोलेरो केम्पर (1.0–1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2–वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | आवश्यक संख्या | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन अभियंता (निर्माण)संभाग भिलाई के अन्तर्गत विभिन्न 220 / 132 के .व्ही. उपकेन्द्रों, लाईनों एवं फिडर बे से संबंधित कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग टाटा योद्धा (डबल–केबिन) / महिन्द्रा बोलेरो केम्पर (1.0–1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2–वर्ष) हेतु | 01 नग | दिनांक 04.10.2024 समय दोपहर 03 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें अ.उ.दा (निर्माण) संभाग छ.रा.पॉ.ट्रांस.कं. लिमि. भिलाई

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5630



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईश्टकृपा -4
3.उद्देश्य, ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5629 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5641

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5640 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



# जब आप करें अपने कानों की क्लीनिंग



कानों की सफाई के लिए आप अकसर मैल निकालते होंगे। लेकिन कुछ लोग ऐसा करने में बहुत लापरवाही करते हैं। इससे कानों को अस्थायी या स्थायी रूप से नुकसान हो सकता है या इंफेक्शन हो सकता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए पूरी सावधानी बरतें।

**प्रिकॉशन**

डॉ. उत्तम अग्रवाल
ईएनटी विशेषज्ञ, कोलकाता

आराध्या अपने ग्यारह साल के बेटे शैलेष के कानों से खून निकलता देख घबरा गई। पूछने पर पता चला कि वह इयरबड्स से कानों की सफाई करने की कोशिश कर रहा था, तो असावधानीवश उसे कुछ ज्यादा ही दबाव से भीतर घुमा दिया। इससे उसके कान का भीतरी कोमल भाग डैमेज हो गया।

हममें से अधिकतर लोग कानों की सफाई या कानों को खुजाने के लिए लोहे या तांबे की कान कुचरनी, माचिस की तीली या कॉटन स्वैब का प्रयोग करने के अभ्यस्त होते हैं। लेकिन जरा सी असावधानी से आपको इसके घातक परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। इसलिए ऐसा कुछ भी ना करें और कानों की सफाई सावधानी के साथ करें।



**इयर वैक्स है फायदेमंद:** डॉक्टर्स का कहना है कि सबसे पहले आप यह समझ लें कि इयर वैक्स जिसे आप मैल कहते हैं, आपके कानों की दुश्मन नहीं बल्कि दोस्त है। इसे जबरन निकालना कतई आवश्यक नहीं है। यह हमारे कानों में मौजूद डेड सेल्स, पसीने, स्किन सेल, डस्ट आदि के मिश्रण से बनती है। यह वैक्स हमारे कानों के भीतरी हिस्से का सुरक्षा घेरा देती है, जिसमें बाहरी फंगस, बैक्टीरिया, डस्ट आदि बाहरी घेरे में ही फंस जाते हैं।

**खुद ही निकल जाती है:** हमारे कानों में जब इयर वैक्स की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो यह हमारा मुंह हिलने या जबड़े ऊपर-नीचे होने पर खुद ही सतह पर उभर कर आसानी से निकल जाती है। वहीं जब हम इसे कॉटन स्वैब से निकालने की कोशिश करते हैं तो यह बाहर आने की बजाय कान के भीतरी हिस्से में घुस जाता है और हार्मफुल साबित हो सकता है।

**हार्मफुल है कॉटन स्वैब:** आपको कॉटन स्वैब देखने में भले ही कोमल लगती हो लेकिन यह आपके कानों की बेहद कोमल दीवारों को छील सकती है। इससे वैक्स और ज्यादा बनने लगती है, जिससे इंफेक्शन, खुजली, दर्द और कानों में असहजता का अनुभव हो सकता है। स्थिति ज्यादा जटिल हो जाए और यह कान में भर जाए तो सुनने में भी दिक्कत हो सकती है। विशेष रूप से एक्जिमा या सोरायसिस जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को ज्यादा तकलीफ हो सकती है। इसलिए आपको कभी लगे कि वैक्स ज्यादा जमा हो गया है तो किसी ईएनटी विशेषज्ञ से मिलकर कानों की सफाई करवा लें।

**ऐसे करें कानों की सफाई :** विशेषज्ञ कहते हैं कि आपको समझ लेना चाहिए कि हमारे कानों में नर्व एंडिंग्स होती हैं। जाहिर है ये काफी संवेदनशील और नाजुक होती हैं। इसलिए कानों की सफाई के लिए अत्यधिक सावधानी बरतनी जरूरी है। ऐसा ना करने पर ये नर्व्स डैमेज हो सकती हैं।

**कपड़े से करें क्लीन:** कानों के बाहरी हिस्से यानी इयर पिन्ना को साफ करने के लिए एक साफ-सुथरा भीगा हुआ कपड़ा लें और इसे हल्के हाथों से पोंछ दें। आसानी से जहां तक आपकी अंगुली घुसे, वहीं तक सफाई करें। ज्यादा भीतर तक कपड़ा घुसाने की कोशिश ना करें।

**इयर ड्रॉप्स हैं कारगर:** कानों की सफाई के लिए इयर ड्रॉप्स बेहतरीन और सुरक्षित उपाय हैं। बाजार में आपको ऐसे कई ड्रॉप्स मिल जाएंगे, जो सूखे, पपड़ीदार इयर वैक्स को नम करके निकलने में मददगार साबित होते हैं। इनके प्रयोग से कान का मैल फूल कर बाहर आ जाता है। लेकिन ध्यान रखें कि कान में कोई भी इयर ड्रॉप अपनी मर्जी से लेकर ना डालें। हमेशा ईएनटी विशेषज्ञ से कंसल्ट करके ही कोई इयर ड्रॉप कानों में डालें। *

प्रस्तुति:अंजू जैन

---

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कभी ठंड, कभी उमस भरी गर्मी। इससे वातावरण में असंख्य बैक्टीरिया और वायरस एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में जीवनशैली या खान-पान में जरा-सी लापरवाही बरतने से गले का इंफेक्शन हो जाता है। हालांकि इससे बचाव संभव है लेकिन यदि संक्रमण हो जाए तो घरेलू उपचार भी संभव है।

# तेजी से फैल रहा है गले का संक्रमण जान लें उपचार-बचाव के उपाय

**हेल्थ एडवाइस**

रेखा देशराज

बारिश का मौसम जब खत्म हो रहा होता है, जब बारिश काफी हो चुकी होती है, मौसम थोडा ठंडा और उमस से भरा होता है, तब वातावरण में मौजूद नमी या आर्द्रता के कारण बैक्टीरिया और वायरस काफी बढ़ जाते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में सामान्य फ्लू, पेट खराब होने और गले के इंफेक्शन के मामले बहुत ज्यादा दिखते हैं। वैसे तो गले के इस संक्रमण और दर्द से तात्कालिक राहत पाने के लिए हर चिकित्सा पद्धति में कई दवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन इस मामले में कई घरेलू उपायों और नुस्खों को काफी कारगर पाया गया है। अगर आप भी गले के संक्रमण से परेशान हैं या आपके घर में इन दिनों कोई ना कोई गले के इंफेक्शन से पीड़ित है, तो यहां बताई जा रही बातें आपके लिए उपयोगी हो सकती हैं।



## ना बरतें लापरवाही

इस मौसम में होने वाले इंफेक्शन को गंभीरता से लेना चाहिए, जरा भी लापरवाही ना बरतें। अगर 10 दिनों से ज्यादा समय तक गले में खराश, दर्द और चुभन बनी हुई है, तो यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है, इसलिए तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। हम यहां आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में गले में होने वाले इंफेक्शन से देसी तरीके से कैसे निपटा जा सकता है? इसके लिए सबसे पहले तो यह जानना जरूरी है कि किन वजहों से गले में यह परेशानी होती है और यह भी कि इससे छुटकारा पाने के लिए क्या किया जाए?

## ऐसे होता है गले का इंफेक्शन

चूंकि हमारे शरीर के एंट्री पॉइंट नाक और मुंह के जरिए गला होता है, इसलिए प्रदूषित वातावरण में सांस लेते समय वायरस और बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। वैसे तो ये शरीर में प्रवेश करके तुरंत कोई हलचल नहीं मचाते बल्कि चुपचाप पड़े रहते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम में उमस और हल्की ठंडक घुलती है तो शरीर में निष्क्रिय पड़े ये बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। आयुर्वेद में इन मौसम में गले में संक्रमण का मुख्य कारण वात, पित्त और कफ का असंतुलित होना बताया गया है। आयुर्वेद के मुताबिक जब शरीर में कफ और वात दूषित हो जाते हैं, तब गले में संक्रमण की परेशानी होती है। गले में इंफेक्शन के लक्षण जितनी जल्दी पता चल जाएं, उतनी जल्दी इसका इलाज किया जाना चाहिए।



## आजमाएं ये कारगर उपाय

गले में जैसे ही कुछ कांटे जैसा चुभे, थूक निगलने में दर्द हो तो तुरंत कुछ उपाय आजमाएं। ये उपाय कई आयुर्वेदिक विशेषज्ञों की सलाह पर आधारित है।

- गर्म चीजों का सेवन करें क्योंकि बैक्टीरिया ज्यादा गर्माहट सहन नहीं कर पाते हैं।
- गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे शुरू कर दें, इससे खराश और दर्द से राहत मिलती है।
- गार्गल करते समय कुछ-कुछ देर तक नमक मिले गुनगुने पानी को मुंह में रखें, लेकिन 5 से 10 सेकेंड ही इससे ज्यादा नहीं।
- गार्गल के पूरे प्रोसेस को कम से कम तीन से चार बार दोहराएं।
- गार्गल करने के बाद सीधे खुली हवा या एसी रूम में ना जाएं और गले को कपड़े से अच्छी तरह ढंक कर रखें।
- अदरक वाली गर्म चाय पिएं, इससे भी राहत मिलती है। दरअसल, अदरक में बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने की क्षमता होती है।
- गर्म पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका डालकर पिएं। इसका अम्लीय गुण गले के बैक्टीरिया को खत्म करता है।
- रात में गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी पावडर डालकर पीने से दर्द, सूजन और इंफेक्शन से छुटकारा मिलता है।
- तुलसी का काढ़ा बनाकर पीएं, क्योंकि तुलसी में एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी बायोटिक गुण पाए जाते हैं, इससे गले का इंफेक्शन रुकता है।

अगर आप गले में इंफेक्शन के एहसास होते ही ये उपाय करते हैं तो 99 फीसदी उम्मीद है कि आप अपने संक्रमित गले को जल्द से जल्द सही कर लेंगे। लेकिन यदि ज्यादा दिन हो गए हों और इंफेक्शन सही होने का नाम ना ले रहा हो तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें।

## संक्रमण से बचाव के उपाय

कहते हैं इलाज से बचाव ज्यादा बेहतर होता है। इसलिए इस मौसम में गले में इंफेक्शन ना हो, इसके लिए कुछ सावधानियां जरूर बरतें।



- इस बदलते मौसम में चूंकि वातावरण में लगातार बारिश के कारण ठंडक हो जाती है, इसलिए गर्मी लगने या बेचैनी होने के बाद भी एसी वाले कमरे में रात भर ना सोएं।
- इस मौसम में पंखे के ठीक नीचे या कूलर के पंखे के सामने लेटने से भी बचें।
- इस मौसम में अगर आपको हल्की ठंडक महसूस हो रही हो तो गर्म कपड़े पहनने में कोई बुराई नहीं है।
- खान-पान में भी सावधानी बरतें। अपनी रोजाना की डाइट में खट्टे फलों को शामिल करें, जो विटामिन-सी से भरपूर होते हैं। इसके कारण जुकाम होने या गले में इंफेक्शन होने की आशंका कम रहती है।
- हर मौसम की तरह इस मौसम में भी अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित तौर पर मौसमी फल और हरी सब्जियों से युक्त डाइट लें।
- इस मौसम में ठंडा पानी खासकर फ्रिज में रखा ठंडा पानी पीने से बचें। इस मौसम में फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज को भी खाने से बचना चाहिए।
- रोज रात में सोने के 2 से 3 घंटे पहले डिनर जरूर कर लें। भले आपके इर्द-गिर्द कोई बीमार या इंफेक्शन से पीड़ित ना हो, लेकिन खाना खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- इस मौसम में बाजार में मिलने वाली ऑयली और मसालेदार चीजें खाने से बचें।
- गर्म के तुरंत बाद ठंडी और ठंडी के तुरंत बाद गर्म चीजों का सेवन तो भूलकर भी ना करें।
- गले के इंफेक्शन से बचने के लिए स्मोकिंग और अल्कोहल से भी दूर रहना चाहिए। *

---

**घरेलू उपचार**

# औषधीय गुणों से भरी हल्दी

हल्दी, भारतीय रसोई घरों में मौजूद रहने वाला जरूरी मसाला है। मसालों में नंबर एक और मांगलिक कामों में भी अग्रणी है। स्वादवर्धक के अतिरिक्त इसमें स्वास्थ्य रक्षक गुणों का भी भंडार है। यह दो प्रकार की होती है। एक जो मसाले के तौर पर इस्तेमाल होने वाली पीली हल्दी, दूसरी काली या आंमा हल्दी होती है। यहां पीली हल्दी के गुणों के बारे में बता रहे हैं।

- हल्दी की तासीर गर्म होती है। यह वात और कफ का शमन करती है।
- इसका प्रयोग दांतों के रोगों, त्वचा रोग, मूत्ररोग और यकृत विकारों में किया जाता है।
- चेहरे की चमक के लिए इसके पावडर को मलाई में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से चेहरा धोने से चेहरे पर निखार आता है।
- हृदय रोगी इसका सेवन करते हैं तो यह खून को पतला रख धमनियों में रक्त संचार सुचारु रखती है।



- नींद ना आती हो, बीच-बीच में नींद टूटती हो तो सोते समय इसको दूध में मिला कर पीना उक्त समस्या से छुटकारा दिलाने में सक्षम है।
- मधुमेह (डायबिटीज) रोगियों के लिए इसका सेवन हितकर है। यह पेट के गैस और सूजन को भी दूर करता है।
- नजला, जुकाम, एलर्जी की खांसी की परेशानी में गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर सोते समय पीना लाभकारी है।
- सभी प्रकार के चर्मरोगों के लिए कच्ची हल्दी और आंवले का रस मिला कर प्रभावित अंग पर लगाना हितकर है।
- पेट के कीडों के लिए इसके साथ गुड़ मिलाकर खाना लाभदायक है।
- मुंह में छाले हों, गले में दर्द हो तो गर्म पानी में हल्दी डाल कर कुल्ले करने चाहिए।
- महिलाओं में पीरियड्स की गड़बड़ी, पाचन संबंधी परेशानी और वायरल इंफेक्शन से बचाव में इसका सेवन हितकर है।

औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी के बारे में यहां बताए गए सभी उपाय व उपचार सामान्य हैं। सेवन से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

–वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'

---

**फिटनेस**

शिखर चंद जैन

ओल्ड एज में अधिकतर लोग बोंस प्रॉब्लम और फिटनेस की कमी से परेशान रहते हैं। इसके लिए जरूरी है कि पहले से ही लाइटवेट प्रैक्टिस और एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल किया जाए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# करें लाइटवेट प्रैक्टिस-एक्सरसाइज ओल्ड एज में रहेंगे फिट-एनर्जेटिक

सदानंद जी, जिनकी उम्र 57 वर्ष है अपने दोनों हाथों में फल, सब्जियों और राशन के थैले उठाए अपने घर की ओर जा रहे थे। उनके पड़ोसी रामेश्वर जी रिक्शे में बैठकर उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने आवाज लगाई, 'सदानंद जी, क्यों इस उम्र में इतना बोझ उठाकर पैदल जा रहे हैं, आइए रिक्शे पर बैठ जाइए, उधर ही जा रहा हूं, आपके घर के सामने उतार दूंगा।' सदानंद जी ने मुस्कुराकर कहा, 'रामेश्वर जी, मुझे तो आदत पड़ गई है। ये मेरा रोज का रूटीन है। वॉकिंग भी हो जाती है और वेट लिफ्टिंग का अभ्यास भी बना रहता है। इस उम्र में ऐसा करने का मुझे ही फायदा मिलेगा।' सच है, अगर आप अपना बुढ़ापा आने से पहले ही नियमित रूप से वजन उठाने की आदत डाल लें तो आपको बुढ़ापे में वजन उठाना और चलना-फिरना सताएगा नहीं।



**क्या कहते हैं शोध:** सेहत विज्ञानियों द्वारा हाल ही में किए गए एक शोध में पाया गया है कि नियमित बोझ उठाने का अभ्यास करने से पैरों और शरीर की अन्य मसल्स में ना सिर्फ मजबूती आती है बल्कि इनका लचीलापन और मोबिलिटी भी बढ़ जाती है। यह रिपोर्ट बीएमजे ओपन स्पोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुई है। 64 से 75 वर्ष की आयु समूह के कुछ स्वस्थ बुजुर्गों पर किए गए अध्ययन के बाद पता चला कि एक वर्ष की हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग शरीर की नसों को मजबूत, लचीला और क्रियाशील बनाने में महत्वपूर्ण रूप से फायदेमंद साबित होती है। इससे पैरों में मजबूती आती है। साथ ही बुढ़ापे में शरीर अचल, शिथिल और कमजोर नहीं बल्कि फुर्तीला और मजबूत बनता है।

**बढ़ती है मसल्स मास-बोन डेंसिटी:** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट-स्पाइन सर्जन डॉक्टर यश गुलाटी कहते हैं कि हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग उम्रदराज वयस्कों के लिए काफी लाभकारी होती है। क्योंकि इससे मसल्स मास, बोन डेंसिटी और मोबिलिटी बढ़ती है। लेकिन इसका मतलब क्षमता से ज्यादा या बहुत भारी वजन उठाना कतई नहीं है। कहने का तात्पर्य यह है कि व्यक्तिगत स्तर पर आकलन करके नियमित यथाशक्ति वजन उठाना चाहिए। यह वजन इतना जरूर हो कि 6 से 12 बार उठाते ही थकान महसूस होने लगे, तभी यह प्रभावी होगा। हां, शुरू-शुरू में वजन थोड़ा कम और धीरे-धीरे से बढ़ना चाहिए।

**सार्कोपीनिया से बचाव:** कोलकाता स्थित बेल व्यू क्लिनिक में वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ **डॉक्टर राजेश मोर** कहते हैं कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, उम्रदराज लोग सार्कोपिनिया का सामना करते हैं। इसमें मसल्स मास, विशेष रूप से शरीर के निचले हिस्सों में कम होने लगता है। इससे उनकी मोबिलिटी कम होने लगती है, चलने की गति धीमी होने लगती है और चलते वक्त गिरने की संभावना बढ़ने लगती है। इसलिए मसल्स की स्ट्रेंथ को मेंटेन रखना बेहद जरूरी है। सार्कोपेनिया का असर कम करने के लिए वेट लिफ्टिंग ट्रेनिंग आवश्यक है।

**बढ़ाए प्रोटीन नेटवर्क फॉर्मेशन:** विशेषज्ञ कहते हैं कि हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे पैरों की स्ट्रेंथ मेंटेन होती है, हड्डियां मजबूत होती हैं और मसल्स की ग्रोथ होती है। इसके प्रभाव से शरीर प्रोटीन नेटवर्क फॉर्मेशन बढ़ाता है और मिनरल को एब्जॉर्ब कर हमें स्ट्रांग बनाता है।

**ट्रेनर की देख-रेख जरूरी:** हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग अनुभवी ट्रेनर की देख-रेख में करनी चाहिए। अगर आप ऑस्टियोपोरोसिस, हाइपरटेंशन कार्डियोवैस्कुलर डिजीज या जोड़ों की समस्या से परेशान हैं या किसी प्रकार की क्रॉनिक बीमारी से जूझ रहे हैं तो समुचित आकलन करने के बाद ही वजन उठाने की ट्रेनिंग शुरू करनी चाहिए। *

---

**अवेयरनेस**

मधु सिंह

हालांकि अब बारिश का मौसम समाप्त हो रहा है, लेकिन मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। मच्छर काटने से होने वाले रोगों का रिस्क बना हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि मच्छरों के काटने से खुद को बचाया जाए और इनके घर में प्रवेश को रोकने के लिए हर संभव उपाय अपनाए जाएं।

# इस मौसम में ऐसे रखें घर को मच्छरों से मुक्त



इस मौसम में मच्छरों की तादाद तेजी से बढ़ने लगती है, क्योंकि यह मौसम उनकी ब्रीडिंग का होता है। मच्छरों के काटने की वजह से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है।

**मच्छर क्यों काटते हैं:** हम इंसानों को सिर्फ फीमेल मच्छर ही काटते हैं। मच्छरों के डंक के माध्यम से हमारी त्वचा के भीतर उनका स्लाइवा चला जाता है, जिसमें ऐसा प्रोटीन होता है, जो कि खून को जमने से रोकता है और इस तरह मच्छर के पेट में इंसान का खून पहुंच जाता है। लेकिन मच्छरों के स्लाइवा में रहने वाली प्रोटीन की वजह से हमारी त्वचा पर कई तरह के एलर्जिक रिएक्शन होते हैं। मच्छर काटने से त्वचा पर दाने निकलना, खुजली होना, लाल रंग के चकत्ते पड़ा और त्वचा में सूजन जैसी समस्याएं होती हैं। इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारी फैलने का खतरा भी रहता है। इसलिए मच्छरों से बचाव जरूरी है।




**घर में घुसने से रोकें:** मच्छरों की घर में आवाजाही रोकने के लिए सबसे जरूरी है, घर के दरवाजे जालीदार होने चाहिए। शाम के समय सभी दरवाजों और खिड़कियों को अच्छी तरह बंद कर दें। क्योंकि धूप मच्छरों को घर से दूर रखती है, लेकिन शाम के बाद ये ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं और घर के अंदर आ जाते हैं। अगर किसी काम से दरवाजा खोलना पड़े तो काम होने के बाद तुरंत दरवाजा बंद कर दें, क्योंकि मच्छर भी जाली पर बैठे रहते हैं और वो दरवाजा खुलते ही घर के अंदर आ जाते हैं।



**मच्छरों को पनपने से रोकें:** अपने घर के आस-पास सफाई का पूरा ध्यान रखें। पुरानी बेकार चीजें और खाली बर्तन डिब्बे आदि ना रखें, क्योंकि इनमें मच्छर पनपने लगते हैं। एसी, कूलर की नियमित सफाई करें, यदि घर में कूलर का इस्तेमाल करते है, तो उसमें रोज ताजा पानी भरें। बीच-बीच में कूलर का पूरा पानी निकाल कर उसे धूप में सुखाएं ताकि उनमें पनपने वाले मच्छरों के अंडे और लारवा धूप से खत्म हो जाएं। बालकनी, गार्डन, छत पर रखे गमलों में जमा पानी मच्छरों की ब्रीडिंग की जगह हो सकते हैं। अगर घर के अंदर कोई स्टोर रूम या किचन में खाली जगह है, जहां आप पुरानी चीजों को रखते हैं तो समय-समय पर उन जगहों की सफाई करें ताकि मच्छर वहां ना पनपें। अगर घर में फ्लावर पॉट में ताजे फूल रखते हैं तो उनका पानी बदलें। घर में पानी में लगाए गए पौधों का भी पानी नियमित बदलें। शाम के समय दरवाजों, खिड़कियों, बेड के नीचे और अंधेरे कोनों में मॉस्किटो स्प्रे का इस्तेमाल करें, क्योंकि इन्हीं जगहों पर मच्छर छिपकर बैठे रहते हैं, जो रात के समय काटते हैं।

**मच्छर भगाने वाले पौधे रखें:** मच्छर भगाने वाले पौधे प्राकृतिक रूप से मच्छरों को दूर रखते हैं, क्योंकि उनमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो मच्छरों को ब्रीडिंग से रोकते हैं। इन्हें पनपने से रोकने के लिए अपने घर के अंदर या बाहर की सजावट में लैवेंडर, तुलसी और पुदीने के पौधे लगाएं।

**कपड़ों का रंग:** हल्के रंग के कपड़ों पर कम मच्छर आते हैं, यह गहरे रंगों की तरफ ज्यादा आकर्षित होते हैं। इसलिए इस मौसम में हल्के रंग के कपड़े पहनें जैसे-हल्का गुलाबी, हल्का पीला, सफेद आदि। सोते समय जिन कपड़ों को पहन कर सोएं, वो ढीले, पूरी बाजू के और कंफर्टेबल होने चाहिए ताकि मच्छरों को आपके शरीर पर बैठने और काटने के लिए कम से कम जगह मिले। अगर आप घर में मॉस्किटो क्वॉयल या लिक्विड वेपोराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इनका भी हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है। इससे सिरदर्द, बेचैनी, उल्टी, घबराहट आंखों में इंफेक्शन होने का डर रहता है। यदि आप इनका उपयोग नहीं करना चाहते हैं तो मॉस्किटो रैकेट से कमरे में मच्छरों का सफाया कर सकते हैं। *



# 'बॉर्डर 2' को ऐलान के बाद लगा ग्रहण?

**नई दिल्ली।** कुछ दिन पहले ही जेपी दत्ता की 'बॉर्डर 2' का अनाउंसमेंट हुआ था। इस फिल्म का ट्रेलर भी सनी देओल की आवाज में जारी किया था। खबर आई कि इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन की एंट्री होगी। अब लग रहा है कि इस फिल्म को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। फिल्म प्रोड्यूसर भरत शाह ने पब्लिक नोटिस जारी कर दिया है। बॉर्डर 2 को लेकर कंप्लीट सिनेमा मैगजीन में जेपी दत्ता के खिलाफ पब्लिक नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बॉर्डर फिल्म के पूरे राइट्स उनके पास हैं। 21 नवंबर 1994 में दोनों पार्टियों के बीच इसको लेकर एग्रीमेंट हुआ था।

लाइफ Style

# करीना

## नहीं थी कभी हॉलीवुड फिल्मों की चाहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीना कपूर खान हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर बेहतरीन और सफल फिल्में की हैं। बॉलीवुड में उनकी पहचान बड़ी अभिनेत्रियों में से है, जिन्हें काफी सम्मान भी मिलता है।

ऐसे में जहां बॉलीवुड के कई अभिनेता हॉलीवुड की फिल्मों में छोटी से छोटी भूमिका भी करने के लिए आतुर रहते हैं, वहां करीना को ऐसा करने की आवश्यकता महसूस नहीं होती। उन्होंने हाल में ही अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उन्हें हॉलीवुड के किसी प्रोजेक्ट में काम करने की दिलचस्पी नहीं है। वह अपने वर्तमान के काम से संतुष्ट हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि वह अपने करियर और जीवन से संतुष्ट हैं। उन्होंने वो सब कुछ हासिल कर लिया है, जिसका उन्होंने लक्ष्य रखा था।

हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के सवाल पर कहा, 'मैंने वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जो मैंने तय किया था और हॉलीवुड में जाने या अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में अभिनय करने की मेरी कभी कोई ऐसी महत्वाकांक्षा नहीं रही थी।' वह सिर्फ अपने रंग और रूप की बजाय अपने काम के लिए पहचाने जाने में विश्वास करती हैं। वह कभी भी इस तरह से नहीं सोचा करती थीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से उनके नजरिये में काफी परिवर्तन आया है। अब वह जिंदगी में अपने इस पड़ाव पर ज्यादा खुश और सहज महसूस करती हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# 'द अप्रेंटिस' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** डोनाल्ड ट्रंप इस बार एक फिल्म के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। फिल्म का नाम है- द अप्रेंटिस, जो ट्रंप के जीवन पर आधारित है। इसका ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। 'द अप्रेंटिस' में ट्रंप के शुरुआती व्यावसायिक जीवन की कहानी देखने को मिलेगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़ी कुछ विवादित घटनाओं को भी दिखाया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत ट्रंप के एक वकील से मुलाकात करने से होती है। ट्रंप वकील से पूछते हैं कि आप हमेशा कैसे जीत जाते हैं?

# टायरेस गिब्सन को रिहाई के लिए माननी पड़ी शर्त



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टायरेस गिब्सन को अपनी एक्स वाइफ सामंथा ली को बच्चे की परवरिश के लिए तय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के बाद गिरफ्तार किया गया। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी स्टार को एक सुनवाई के बाद अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया था। वहीं, उन्हें जेल की सजा से बचने के लिए एक्स वाइफ को 73,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जॉर्जिया में रिहा कर दिया गया। फार्मर ने 45 वर्षीय अभिनेता को 48 घंटे के भीतर 73,525.73 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर जेल जाने से बचने का मौका दिया था। इसमें ली को भुगतान की जाने वाली 7,500 अमेरिकी डॉलर की कानूनी फीस भी शामिल थी। अभिनेता ने 8 सितंबर को एक पोस्ट कर इस बात की ओर इशारा किया था कि उनकी गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है। इतना ही नहीं उन्होंने फार्मर और परिवार अदालत प्रणाली की आलोचना भी की थी।

**शनिवार को 'फनीवार' बनाने 21 से आ रही कपिल की टोली : नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। एक बार फिर कॉमेडियन अपने चुटकुलों से सभी को गुदगुदाने के लिए 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहे हैं। इस बार इस शो को और भी मजेदार बनाने का वादा किया जा रहा है, उनके हिसाब से हर शनिवार एक मजेदार शनिवार बन जाएगा। 21 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहे इस शो के दूसरे सीजन में कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। पिछले सीजन में कई दिग्गजों के साथ 13 हफ्तों तक हंसी-मजाक चलता रहा और इस बार सीजन 2 में कपिल, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और राजीव ठाकुर के साथ और भी ज्यादा हंसी, पागलपन का मिलने का दावा किया जा रहा है।

# अब 21 फरवरी को रिलीज होगी रेड-2



**नई दिल्ली।** अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेड 2' की रिलीज तारीख सामने आ गई है। यह फिल्म साल 2018 में आई 'रेड का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन ने एक आईआरएस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को पहले 15 नवंबर को रिलीज किया जाना था। बॉलीवुड स्टूडियो टी-सीरीज ने अपने सोशल मीडिया पर घोषणा करते हुए एक पोस्ट जारी किया। इसमें उन्होंने लिखा, एक्शन तीव्रता और रहस्य को वापस लेकर आ रहे हैं। 'रेड 2' 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी!' अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' आयकर विभाग के गुमनाम नायकों की कहानी बताएगी। उनकी किताबों से सच्ची घटनाएं सामने लाएगी। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में वाणी कपूर और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। अभिनेता रितेश देशमुख 'रेड 2' में खलनायक की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। इसके पहले भाग को भी राज कुमार ने ही निर्देशित किया था, जो दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

# बिग बी ने बताया कैसा है भाई अजिताभ के साथ रिश्ता



**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के साथ एक दिल छू लेने वाला पल साझा किया। हाल ही में, एक एपिसोड में कैंसर से पीड़ित अक्षय ने अपनी कहानी सुनाई। कैंसर के अपने सफर के बारे में बताते हुए अक्षय की आंखों में आंसू आ गए, अमिताभ बच्चन ने तुरंत उन्हें सांत्वना दी, अस्पताल में बार-बार जाने के अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने छोटे भाई अजिताभ के साथ अपने रिश्ते पर भी खुलकर बात की है। अमिताभ ने खुलासा किया कि वे बाकी भाई-बहनों की तरह एक सामान्य भाई-बहन का रिश्ता साझा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने एक-दूसरे के साथ कई राज साझा किए, जिन्हें हम अपने माता-पिता के साथ साझा नहीं कर सके। हालांकि, हम अक्सर लड़ते थे और एक-दूसरे के राज अपने माता-पिता को बताने की धमकी देकर एक-दूसरे को ब्लैकमेल करते थे।' बचपन के इस किस्से को साझा करते हुए बिग बी जोर से हंस पड़े और वहां बैठी ऑडियंस भी हंसने लगी।

# माधुरी के 30 साल पुराने लुक में ढाया कहर...



**नई दिल्ली।** काजोल बॉलीवुड इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक फोटो शेयर की है। एक्ट्रेस ने फिल्म 'हम आपके हैं कौन'के गाने 'दीदी तेरा देवर दीवाना' से माधुरी के लुक को कॉपी किया है। हालांकि, काजोल इस साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। प्लीट्स में वाइन और ग्रीन कलर के शेड्स भी नजर आ रहे हैं। काजोल की इस फोटो पर फैंस दिल खोलकर कर कमेंट कर रहे हैं। खुद माधुरी ने भी प्यार भरा कमेंट किया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने हाल में गणपति दर्शन के मौके पर एक ऐसी साड़ी पहनी जिसे देखकर फैन्स को तीस साल पुरानी फिल्म याद आ गई। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने 1994 की क्लासिक फिल्म 'हम आपके हैं कौन'में फेमस एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के आइकॉनिक लुक को अपनाते हुए अपनी एक फोटो शेयर की है। इस साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस का पोस्ट काफी वायरल हो रहा है।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

Required- VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from 1st to 5th classes for all subjects and science for Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592. Time- 8:00 am to 12:00 pm (RO-2987)

**पैकिंग/बिलिंग कार्य**

आवश्यकता है- 500/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 250 फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। सम्पर्क तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर (RO-560)

**टेलीकॉलर/असिस्टेंट**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-2980)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-2983)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट दुर्ग में लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करे (आरो नं -6380)

**लोडर/अनलोडर**

Requirment- Urgent Required scanner, putter loader, unloader duty: 9 hours. shift: 3 salary: 12000 + PF + ESIC + Snacks Qualification- 10th- 12th Location: Tendua Raipur Contact: 8120263486, 7440699282. (RO-3735)

**कुक/ड्रायवर**

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने हेतु कुक एवं ड्राइवर की तुरन्त संपर्क करे:- मो.-9303657790, 7970259986. (आरो नं -6379)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- गुरुकृपा एसोसिएट में फिल्ड कर हेतु लड़के व टेलीकॉलर हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। कृपया अनुभवी संपर्क करें। चुगानी प्राईड, चांगोराभाटा, रायपुर मोबाइल 9827654621, 7000131997. (RO-4458)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ 1 दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह संपर्क:- 99267-53341.(RO-2984)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सेल्स मैनेजर/सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में सेल्स मैनेजर 2 एवं 5 सर्वे कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 62682-79954.(आरो न.-285)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर- 6 भिलाई मो.- 9826684859 (आरो न.-578)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफीस स्टॉफ हेतु लड़के / लड़कियो की आवश्यकता है। योग्यता 8th/ 10वीं /12वीं पास / fail Fresher Can Apply Riddhi Siddhi Enterprises पद्मनाभपुर दुर्ग। MO.- 8269720997.(आरो न.-580)

**इंजीनियर**

Required- Vacancy For Male Female Engineer BE (IT Computer Science ) M.Tech With Experience in M.S. Office. Assisting in Energy Environment Audit Consultancy MCJEEPL SUPELA BHILAI 9752587060 (आरो न.-577)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9958483685. (RO-449)

आवश्यकता है- भारत की नंबर-1, Reliance Jio 5G कंपनी (SMS JOB) लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp /Call करें:- 8391958072.(RO-2986)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 62673 24667. (RO-1331)

**Home Buildup भवन निर्माण**

प्रीमियम निर्माण- स्ट्रक्चर - 890/- मैटेरियल सहित, पूर्ण फिनिशिंग 1390/- वर्गफीट दर से प्रारंभ, भूमि पूजन से लेकर गृह प्रवेश तक. अनुभवी इंजीनियरों की देखरेख में वास्तु अनुरूप नक्सा, ब्रांडेड मैटेरियल और फिनिशिंग में फॉल्स सीलिंग सहित लाइट, पंखे ,मॉड्यूलर किचन। 88274 91733, 8719911918. (RO-559)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

प्लॉट बेचना है - पुरानी बस्ती थाना के मेनरोड से मात्र 150 fit अंदर महामाया मंदिर वाली मेनरोड पर 819 sq का commercial plot 26 का फ्रंट चरोदा धरसीवा पुराना नेशनल हाईवे पर 68000 sq 200 के फ्रंट में 3 तरफ रोड का प्लॉट* *बेचना है।* 9993767392. (RO-398)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासीफाईड

**Healthcare**

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9753901137
पारख कॉम्लेक्स, शॉप नं.-16, ग्रीन चौक दुर्ग

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फुन्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, । 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# 15,000 रुपए महीना कमाने वाले भी बना सकेंगे प्रधानमंत्री आवास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शर्तों में मोदी सरकार ने बदलाव किया है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमवायजी) के 'ऑटोमेटिक एक्सक्लूजन' मानदंडों में ढील दी है। नए नियमों के तहत अब टू व्हिलर, मोटर से चलने वाली मछली पकड़ने वाली बोट, रेफ्रिजरेटर, लैंडलाइन फोन और 15,000 रुपए महीने तक कमाने वाले परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का फायदा ले सकेंगे। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि मोटर से चलने वाले तीन और चार पहियों के वाहन, मशीन से चलने वाले तीन/चार पहिया कृषि उपकरण, 50,000 रुपये या उससे अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड रखने वाले, ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, ऐसा परिवार जिसका एक भी सदस्य इनकम टैक्स देता हो, ऐसा परिवार जिसका गैर-कृषि उद्यम सरकार के साथ रजिस्टर्ड हो, प्रोफेशनल टैक्स देता हो, 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि की स्वामित्व सीमा वाले परिवार इस योजना के तहत अयोग्य होंगे।

**खास बातें**

- गांव में रहने वालों के लिए गुड न्यूज!
- अब और भी लोगों को मिलेगा फायदा

**पीएमवायजी की शर्तों में सरकार ने किया बदलाव**



**मंत्री सिंह ने दी जानकारी**

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ग्रामीण से जुड़े मानकों में संशोधन की जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश के विभिन्न राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ग्रामीण के तहत भूमि संबंधी मानदंडों को भी तर्कसंगत बनाया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्की छत और या पक्की दीवार वाले घरों में रहने वाले सभी परिवारों और दो से ज्यादा कमरों वाले घरों में रहने वाले परिवारों को पहले ही पहले ही फिल्टर आउट कर दिया गया है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने साल 2028-29 तक ग्रामीण आवास योजना के तहत दो करोड़ अतिरिक्त घर बनाना चाहती है।

## 45 दिनों के अंदर होता है शिकायत का निपटारा

अगर आप इस योजना के तहत शिकायत करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको प्रत्येक ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर शिकायत की सुविधा दी जाती है। आप सीधे कार्यालय जाकर इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत होने के 45 दिनों के अंदर आपकी समस्याओं का निदान किया जाता है। पीएम आवास योजना के तहत ऑनलाइन सुविधा भी दी जाती है। ऐसे में प्ले स्टोर पर मौजुद पीएम आवास योजना ऐप को डाउनलोड कर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा आप वेबसाइट के माध्यम से इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं अगर आप किसी तरह की सहायता चाहते हैं या इस योजना के बारे में जानकारी करना चाहते हैं तो आप पीएम आवास योजना के टोल फ्री नंबरों 1800-11-3377; 1800-11-3388; 1800-11-6163 पर कॉल कर सकते हैं।

**दुष्कर्म मामला**

## वायुसेना की इंटरनल कमेटी पर उठे सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन में तैनात महिला फ्लाइंग अफसर ने अपने साथ हुए दुष्कर्म मामले में एयरफोर्स स्टेशन की गठित इंटरनल कमेटी पर सवाल उठाए हैं। जूनियर महिला अफसर ने उसी स्टेशन पर तैनात विंग कमांडर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए बडगाम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने स्टेशन के वरिष्ठ भारतीय वायुसेना अधिकारियों पर उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि एयरफोर्स स्टेशन के सीनियर अफसरों को इंटरनल कमेटी बनाने में दो महीने का वक्त क्यों लगा, जबकि पीड़ित फ्लाइंग अफसर पिछले दो वर्षों से यौन उत्पीड़न और मानसिक यातना झेल रही है।

**यह उठाए सवाल**

बता दें, एफआईआर की कॉपी में शिकायतकर्ता ने लिखा है कि इंटरनल कमेटी ने बाद में कहा कि चश्मदीद गवाहों के न होने से यह 'अनिश्चित है कि घटना हुई थी या नहीं'। जांच 15 मई को समाप्त हो गई और इस मामले में 'आज तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है और पीड़िता को कोई सूचना नहीं दी गई है।'

### वॉशिंगटन में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की है राहुल ने

# भारत विरोधी इल्हान के साथ दिखे राहुल शाह बोले- देश विरोधी ताकतों के साथ

*कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका में तमाम समुदायों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। जिसमें भारत विरोधी इल्हान उमर भी उनके साथ दिख रही हैं। राहुल गांधी के मुलाकात की तस्वीरें सामने आने पर भाजपा ने कांग्रेस और उन पर निशाना साधा है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका दौरे के आखिरी दिन मंगलवार देर रात राहुल गांधी ने वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। रेबर्न हाउस में हुई इस मुलाकात में भारत विरोधी बयान देने वाली इल्हान उमर भी मौजूद थीं। राहुल के इल्हान से मिलने पर देश में विरोध शुरू हो गया है। भाजपा के कई नेताओं ने राहुल के उनसे मिलने की आलोचना की है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है।

**भाजपा के कई नेताओं ने नेता-प्रतिपक्ष व कांग्रेस पार्टी पर जमकर साधा निशाना**



**राहुल सत्ता में आने के लिए उतावले**

भाजपा प्रवक्ता संजू वर्मा ने कहा कि राहुल सत्ता में आने के लिए उतावले हैं इस वजह से ही वे एक कट्टरपंथी नेता से मिल रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने मामले में ट्वीट कर निशाना साधा और लिखा- विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में इल्हान उमर से मुलाकात की, जो पाकिस्तान प्रायोजित भारत विरोधी आवाज है, एक कट्टरपंथी इस्लामवादी और स्वतंत्र कश्मीर की पैरोकार है। इस भाजपा नेता ने कांग्रेस पर खुलेआम भारत के खिलाफ काम करने का भी आरोप लगाया है।

**राहुल को इल्हान जैसे ही मिलते हैं : त्रिवेदी**

वहीं राहुल गांधी के इस बयान पर निशाना साधते हुए भाजपा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी भारत के इतिहास के पहले नेता प्रतिपक्ष बने हैं, जिन्होंने किसी घोषित भारत विरोधी सांसद के साथ मुलाकत की है। अमेरिकी सांसद इल्हान उमर, जो भारत विरोधी वक्तव्यों के लिए कुख्यात हैं। राहुल गांधी का नाम पाकिस्तान ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ में इस्तेमाल किया था। त्रिवेदी ने कहा कि सच्चाई यह है कि राहुल गांधी भारत का समर्थन करने वाले अमेरिकी सांसदो से मिलते नहीं हैं। राहुल गांधी को मुलाकात करने के लिए इल्हान उमर जैसे लोग ही मिलते हैं।

**राहुल गांधी के घर के बाहर भाजपा के सिख नेताओं का प्रदर्शन**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सिखों को लेकर दिए बयान पर बवाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। राहुल ने अमेरिका दौरे पर एक कार्यक्रम में कहा था कि इंडिया में इस बात को लेकर लड़ाई है कि क्या एक सिख को पगड़ी या कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी या नहीं या एक सिख को गुरुद्वारे में जाने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। इसी के विरोध में बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिल्ली बीजेपी के सिख प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उनके आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी के सिख नेता आरपी सिंह ने से कहा, "राहुल गांधी माफी मांगें। उन्होंने भारत को बदनाम करने के लिए विदेशी धरती का इस्तेमाल किया है। उन्होंने गलतबयानी की है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 तक बढ़ी

नई दिल्ली। शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ाई गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। इसी मामले में आरोपी और आप विधायक दुर्गेश पाठक को अदालत ने जमानत 1 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत दे दी है। सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर होने के बाद कोर्ट के समन पर वे अदालत में पेश हुए थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**द्वितीय निविदा सूचना**

क्र.16/न.पा.नि./जोन क्र.03/2024-25 दिनांक 09/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 24/09/2024 को सायं काल 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिम्स उद्यान में विभिन्न सिविल कार्य। | 15.14 | 11500 | 750 |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.03
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

**झारखंड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–निविदा आमंत्रण संख्याः–10/2024-25/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक–27.08.2024, PR- 333816 (Rural Works Department)24-25 (D) द्वारा प्रकाशित हुआ था को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

ह0/–कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल गुमला

PR 335447 (Rural Work Department)24-25*D

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) महासमुन्द (छ.ग.)**

**मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना**

क्रमांक /105/ क/ लेखा / स्था. निर्वा. / 2024 दिनांक 04/09/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला महासमुन्द में नगरपालिकाओं के आगामी आम चुनावों 2024-25 के लिए नगरपालिकाओं की वार्डवार तैयार की गई निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी दिन, कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 26.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जावेगी।
3. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय / जिला स्थानीय निर्वाचन कार्यालय महासमुन्द में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन ) महासमुन्द

G-242502414/2

## एक इंच जमीन पर भी किसी का कब्जा नहीं: रिजीजू



**नई दिल्ली**। अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सिख समुदाय को लेकर दिए बयान पर सिसायत तेज हो गई है। इसके अलावा चीन को लेकर भी राहुल गांधी ने बयान दिया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा। इस पर अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि हमारी एक इंच जमीन पर किसी का कब्जा नहीं है। दरअसल, अमेरिकी दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने दावा किया कि लद्दाख में चीन दिल्ली जितने बड़े इलाके पर कब्जा जमाए बैठा है।

# मस्जिद के अवैध निर्माण पर बवाल

### शिमला में हिंदू संगठनों ने किया उग्र प्रदर्शन, बैरिकेड्स तोड़े, पुलिस से झड़प

एजेंसी ▶▶| शिमला



हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली इलाके में मस्जिद के अवैध निर्माण के खिलाफ हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। कई दिनों से चल रहे इस विरोध ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया, जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ दिए। प्रदर्शनकारी मस्जिद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। स्थिति को संभालने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों द्वारा बैरिकेड्स तोड़ने के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण करने लाठीचार्ज किया। इधर, हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, अगर अवैध निर्माण पाया गया, तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**CHHATTISGARH MEDICAL SERVICES CORPORATION LIMITED,RAIPUR**
4th floor, C.G. Housing Board, Commercial Complex, South East Corner, Sector- 27, Atal Nagar Dist. Raipur (C.G.) 492015
Email-engg.cgmsc@gov.in, website: cgmsc.gov.in

**Expression of Interest (EoI)**

REF No. 02/ENGG/CGMSC/2024/6895 Raipur, Dated 09/09/2024

CHHATTISGARH MEDICAL SERVICES CORPORATION LIMITED, RAIPUR invites sealed offer from the consultant/bidders for the "Empanelment of Fire Safety Consulting Firms/NGO's for Conducting Fire Safety Audit of Health Buildings & Infrastructures of Health & Family Welfare Department C.G." The detailed Pre-Qualification and agreement Document is available on the website. http://www.cgmsc.gov.in from 12/09/2024 at 05:30 PM. other detailed can be seen at official website http://www.cgmsc.gov.in of or on the Notice Board of CGMSC Ltd. Raipur 4th floor, C.G. Housing Board, Commercial Complex, South East Corner, Sector-27, Atal Nagar Dist. Raipur (C.G.)

website: www.cgmsc.gov.in

Email: engg.cgmsc@gov.in,

The undersigned reserves the right to change terms and condition, select/reject any application without assigning any reason thereof.

Pre-Bid Meeting will be held on - 23/09/2024 at 16:00 hrs

Last date of submission of proposal- 03/10/2024 upto17:00 hrs

S-41409/2 Superintending Engineer

## हरियाणा चुनाव : बीजेपी ने उतारे 3 और उम्मीदवार

**नई दिल्ली**। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी। भाजपा ने सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने सिरसा विधानसभा क्षेत्र से रोहताश जांगड़ा, महेंद्रगढ़ से कंवर सिंह यादव और फरीदाबाद एनआईटी से सतीश फागना को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने मंगलवार को दूसरी लिस्ट जारी की थी। पार्टी ने कुल 21 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। दूसरी लिस्ट में दो मंत्रियों का टिकट काट दिया गया, जिसमें बड़खल से मौजूदा विधायक और शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा और बवाल से जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारी लाल का नाम शामिल रहे।

## दुर्गा पूजा : बांग्लादेश में हिंदुओं पर फिर सख्ती

**ढाका**। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक आदेश जारी किया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने दुर्गा पूजा पंडालों में होने वाली पूजा के टाइम इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट और लाउडस्पीकर अजान और नमाज के टाइम बंद रखने का निर्देश दिया है।

**संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़**
इंद्रावती भवन, ब्लाक - 4, प्रथम तल, नवा रायपुर अटल नगर जिला - रायपुर पिन - 492002
Phone: 0771-2510115, E-mail id:dettrgcg@rediffmail.com, meenaganvir1@gmail.com

**विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीन नवीन आई.टी.आई. ओरछा, जिला - नारायणपुर में सत्र 2024-25 के लिए एस.सी. व्ही.टी. अंतर्गत व्यवसाय- कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट एवं मेसन के एक-एक यूनिट (24-24 सीट्स) में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन रजिस्ट्रेशन की तिथि दिनांक 12.09.2024 से 19.09.2024 तक के लिये पोर्टल खोला जा रहा है। रजिस्ट्रेशन उपरांत रजिस्टर्ड आवेदनों की प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन सूची जारी की जावेगी। प्रवेश हेतु समय-सारिणी विभागीय वेबसाईट cgiti.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

संचालक
रोजगार एवं प्रशिक्षण
छत्तीसगढ़

G-242502401/3

**कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (जिला निर्माण समिति)**

**मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 09 / जि.नि.स./ लो.नि.वि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 10/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य जावंगा ( भाग - 01 से 07 ) | 264.88 |
| 2 | जोगिंग ट्रेक एवं बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 47.13 |
| 3 | सामुदयिक भवन गीदम जावंगा में पार्क एवं टयूबलेव निर्माण कार्य। | 49.51 |
| | कुल 03 कार्य | 361.52 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 07-10-2024 है।

( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )

अपर कलेक्टर / नोडल अधिकारी
(जिला निर्माण समिति)
जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा

G-242502398/4

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 1759 / लो.क. वि/न.पा.नि./ 2024 रायगढ़ दिनांक 10 /09 / 2024

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 158466 | CONSTRUCTION OF CC ROAD NEAR HOSPITAL TO ASHOK SHRIWASTAW HOME, MEENA AGRAWAL HOME TO YADAV HOME, BANTARA HOME TO PRAKASH TIRKI HOME BEHIND SCHOOL,SUMITRA LAKDA HOME MALTI HOME & ANJU AGRAWAL HOME TO MANISH KUMAR HOME AT W.N. 03 | 23.30 | 27.09.2024 |
| 2 | 158455 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM JAWAHAR NAGAR MANDIR TO BARAWA MAIDAM HOME, GOLDI SONA HOME TO NARESH SONA HOME, SHEKHAR HOME TO ASHA BAG HOME, MAIN ROAD TO SATYAM MAHANAND HOME & CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM NAKA HOME TO MAIN NALA AT W.N. 05 | 21.93 | 27.09.2024 |
| 3 | 158468 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM TIJRAM BARETH HOME TO MAIN RAOD, JAIPAL NATHUR HOME TO MAIN RAOD, BHOLA BHANCHA HOME TO MANHAR MANJHAR HOME, CHANDMARI SCHOOL TO MAIN RAOD & CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM GHASIRAM YADAV HOME TO MAIN ROAD AT W.N. 10 | 21.39 | 27.09.2024 |
| 4 | 158471 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM HARI PAN THELA TO CHOUDHARY HOME, MAHANT HOME TO DEEPAK TOK HOME IN CHOPARA GALI, NAYAK SIR HOME TO GAYAKWARD HOME, RUPA DUKAN TO PAHWA GENERAL, AJAY MEDICAL TO BABULAL NISHAD HOME & CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM TILLU SHARMA HOME TO RAJESH KAIYA HOME, CHAKKI TO RADHA MADHAV, JAIRAM COLONY IN RUPA DUKAN TO PAHWA GENERAL, AJAY MEDICAL TO BABULAL NISHAD HOME AT W.N. 18 | 20.10 | 27.09.2024 |
| 5 | 158476 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM KOMAL TANDON HOUSE TO MANOJ SINHA HOUSE, PRADEEP MISHRA HOUSE TO KANCHAN DAS MAHAPATRA HOUSE, SHIV MANDIR TO MUKHYA NALA PUL AND CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM LAL PATEL HOUSE TO SANTOSH RAO HOUSE, VALMIKI THAKUR HOUSE TO BHAGAU KURMI HOUSE, SHIVCHARAN SANDILYA HOUSE TO MAIN NALA, SUDESH VERMA HOUSE TO BABLU CHOUHAN HOUSE AT WARD NO. 45 | 21.41 | 27.09.2024 |
| 6 | 158477 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM BACKSIDE OF MAHARSHI SCHOOL MOHALLA SIDAR MOHALLA SEVAK MALAKAR HOUSE TO AMERI SIDAR HOUSE, MARGHATTI MOHALL FROM TALAB MED TO KUSHTO HOUSE AND CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM MUNNA JAISWAL HOUSE TO PILLAL SIDAR HOUSE, VERMAN HOUSE TO KHEDU PANDEY HOUSE AT PANDEY AT WARD NO. 47 | 21.49 | 27.09.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि. रायगढ़

**कार्यालय संभागीय सेनानी, नगर सेना, रायपुर संभाग, रायपुर (छ.ग.)**
दुरभाष क्रमांकः- 0771-2426825,
ईमेलः divicommandant@gmail.com

**सूचना**

**नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 16 सितंबर से**

रायपुर संभाग के सभी 10 जिलों में बालिका आश्रम व छात्रावासों में रह रहे बालिकाओं के सुरक्षा व्यवस्था के लिए 315 महिला नगर सैनिकों तथा जनरल डयूटी हेतु 200 महिला एवं पुरूष नगर सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया के तहत 16 सितंबर की सुबह 07 बजे से केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, नगर सेना, माना कैम्प, रायपुर के परेड ग्राउंड में शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी।

नगर सेना के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर संभाग में 23 हजार 270 महिला अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र भरे गए है। इसमें प्रतिदिन 2000 महिला उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। जिसमें पुरूष उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा में ऊंची कूद, लम्बी कूद, 800 मीटर व 100 मीटर की दौड़ तथा महिला उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा में ऊंची कूद, लम्बी कूद व 800 मीटर की दौड़ निर्धारित है। नगर सेना के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सभी उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकलीन सेवाएं की वेब साइड https://firenoc.cg.gov.in/ में ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी किया गया है। अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि मे भर्ती प्रक्रिया में शामिल होना अनिवार्य है।

संभागीय सेनानी नगर सेना
एवं एस.डी.आर.एफ.
रायपुर संभाग, रायपुर

G-242502418/1

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्र. 2441/ लेखा/NHM/ मु.चि.अ./ निविदा/ 2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 10/09/2024

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति दक्षिण बस्तर दन्तेवाडा हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 प्रशिक्षण कार्यक्रम एंव समीक्षा बैठक हेतु भोजन, नास्ता चाय- पानी एवं बेनर फ्लैक्स, प्रिन्टीग प्रचार-प्रसार की व्यवस्था एंव जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई/ जिला नोडल अधिकारी एंव चिरायु टीम हेतु वाहन किराया की व्यवस्था हेतु निविदा सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 प्रशिक्षण कार्यक्रम एंव समीक्षा बैठक हेतु भोजन, नास्ता चाय- पानी, बेनर फ्लैक्स, प्रिन्टीग प्रचार-प्रसार की व्यवस्था एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई/ जिला नोडल अधिकारी एंव चिरायु टीम हेतु वाहन किराया की व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर **समय 10.30 से 05.30 तक रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र)** निविदा प्रपत्र मूल्य का डी. डी. जो कि नॉन रिफेन्डेबल है जमा कर प्राप्त किए जा सकते है। डी.डी. जिला स्वास्थ्य समिति जिला दंतेवाड़ा के नाम में ही स्वीकार किए जावेंगे। निविदा संबधित विस्तृत जानकारी जिला की वेब साईट www.dantewada.gov.in एंव कार्यालयीन समय मे कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**निविदा प्रपत्र बिक्री की प्रारंभिक तिथि – : 17/09/2024 से**
**निविदा बिक्री की अंतिम तिथि – : 07/10/2024**
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – : 15/10/2024 को दोपहर 01.00 बजे तक**
**निविदा खोले जाने की तिथि – : 16/10/2024 को अपराहन 04.00 बजे**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

S-41407/2

## खबर संक्षेप

### सिएट ने चेन्नई संयंत्र में नई लाइन शुरू की



**चेन्नई।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड ने अपने चेन्नई विनिर्माण संयंत्र में ट्रक और बस के रेडियल टायरों के उत्पादन के लिए एक नई लाइन चालू की है। अगले 12 महीनों में नई लाइन की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 1,500 टायर तक पहुंच जाएगी। बाजारों में उपस्थिति बढ़ाने के अभियान में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

### मुंबई से होगी 'उबर ब्लैक' की वापसी



**नई दिल्ली।** टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी उबर ने भारत में अपनी 'उबर ब्लैक' श्रेणी की वापसी की बुधवार को घोषणा की। इसकी शुरुआत मुंबई से की जाएगी। यह कदम प्रीमियम पेशकशों के प्रति भारतीय ग्राहकों की बढ़ती पसंद को ध्यान में रखकर उठाया गया है। भारत में वापस ला रहे हैं... मुंबई से इस उच्च श्रेणी की पुनः शुरुआत कर रहे हैं।''

### अर्का इन्वेस्टमेंट रियल एस्टेट के लिए फंड जुटाएगी

ARKA INVESTMENT ADVISORY

**नई दिल्ली।** अर्का इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएएसपीएल) आवासीय रियल एस्टेट को समर्पित अपने नए कोष के लिए निवेशकों से 500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उसने अपना दूसरा वैकल्पिक निवेश कोष 'अर्का ह्रीम रियल एस्टेट अपॉर्चुनिटी फंड' पेश किया है।

# 6जी सेवा पेटेंट में भारत की नजर 10 प्रतिशत हिस्सेदारी पर : सिंधिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है।

- 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया

वह यहां एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन के 51वें संस्करण में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंधिया ने कहा, 'जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए अपनी खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम 'भारत 6जी अलायंस' को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं।'

## हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है

### सरकार 20 हजार टावर और लगाएगी

सिंधिया ने कहा कि भारत ने देशभर में करीब साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। सरकार ने करीब 20,000 और टावर लगाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 के मध्य तक हम अपने देश में 100 प्रतिशत परिपूर्णता का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे।"




### भारत मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

सिंधिया ने कहा कि यह तथ्य इसका प्रमाण है कि भारत आज दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। "भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष के मध्य तक स्थापित किया जाएगा।

### अपने लिए किए तीन लक्ष्य तय

सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। "हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है...हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए।

### भारत आज विश्व मंच पर उभर रहा

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस 'भारत 6जी अलायंस' के माध्यम से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है।" वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है।"वह (भारत) आज विश्व मंच पर उभर रहा है।

*नई प्रौद्योगिकी को अपनाना महत्वपूर्ण : केंद्रीय मंत्री ने कहा, "तीसरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में भविष्य उन्मुख प्रौद्योगिकी हो, हमारे लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन हमारे लिए नई प्रौद्योगिकी के उत्पादन की अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल करना भी जरूरी है।'*

## पीएम मोदी ने किया 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित

# हमारा सपना है, दुनिया के हर उपकरण में हो भारत में बना सेमीकंडक्टर : मोदी

एजेंसी ⏭ ग्रेटर नोएडा (उप्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का बुधवार को आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हर उत्पाद का आधार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति श्रृंखला की अहमियत का अहसास सबको हुआ है। उन्होंने भविष्य में इस तरह के किसी भी व्यवधान पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया।

### चिप इलेक्ट्रानिक उपकरणों का अहम हिस्सा

कोविड-19 महामारी के समय दुनिया को आपूर्ति संबंधी बड़े झटके झेलने पड़े थे। चीन में उठाए गए सख्त कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को खासा प्रभावित किया था। इससे भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत पैदा हो गई थी जो सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अहम हिस्सा है।

## चिप में देश को महाशक्ति बनाने का प्रयास



*पीएम ने कहा, "हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप लगी हो। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।'उन्होंने कहा कि एक सुधारवादी सरकार, बढ़ता विनिर्माण आधार और प्रौद्योगिकी का रुख करने वाले आकांक्षी बाजार देश में चिप विनिर्माण के लिए "थ्री-डी पावर" प्रदान करते हैं।*



- चिप का उपयोग स्मार्टफोन से लेकर एआई तक व ईवी में
- महामारी की वजह से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई
- भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की कमी पैदा हो गई

### निवेश के लिए मजबूत आधार

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में अपनी सुधारोन्मुख सरकार, स्थिर नीतियों और उस बाजार का भी उल्लेख किया जिसने सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश के लिए मजबूत आधार तैयार करने को प्रौद्योगिकी का सहारा लिया है। उन्होंने सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों से कहा, यह भारत में मौजूद होने का सही समय है।

*भारत चिप का सबसे बड़ा उपभोक्ता : पीएम ने भारत को सेमीकंडक्टर चिप का बहुत बड़ा उपभोक्ता बताते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसी के दम पर बनाया गया है। उन्होंने कहा, "यह छोटी सी चिप भारत में अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े काम कर रही है।"*

### 1.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश पहले ही

मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश पहले ही हो चुका है और कई परियोजनाएं अभी मंजूरी एवं प्रस्ताव के स्तर पर हैं। भारत ने चिप निर्माताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं को लुभाने और मौजूदा जरूरतें पूरा करने और ताइवान जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम बनाया है।

# वाहन उद्योग बिक्री के बाद की सेवाओं पर ध्यान दे : गडकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग एक क्रांति के मुहाने पर है और इसे ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है।

गडकरी ने वाहन डीलरों के निकाय फाडा की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि वाहन डीलर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के मिशन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गडकरी ने कहा, ''वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि यह क्षेत्र ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में नवाचार जारी रखे।' उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को आगे बढ़ाने में फाडा और उसके सदस्यों की भूमिका को बहुत महत्व देती है।

- भारतीय वाहन उद्योग एक क्रांति के मुहाने पर
- कंपनियों को ग्राहक सेवा व गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत

### वाहन कबाड़ नीति पर ध्यान

गडकरी ने कहा कि इसका प्रभाव वाहन क्षेत्र से परे वित्त एवं बीमा जैसे क्षेत्रों तक फैला हुआ है और सभी घटक अर्थव्यवस्था में गुणक प्रभाव पैदा कर रहे हैं। सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि फाडा का पर्यावरण के अनुकूल डीलरशिप प्रथाओं के साथ वाहन कबाड़ नीति पर ध्यान सरकारी दृष्टिकोण के अनुरूप है।

### वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार का समर्थन

केंद्रीय मंत्री ने कहा, वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार के हरसंभव समर्थन का आश्वासन दिया। गडकरी ने कहा कि वाहन खुदरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है जो लगभग 40,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व देता है और केंद्र एवं राज्य सरकारों को विभिन्न करों और शुल्कों के रूप में 95,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है।

# टाटा मोटर्स में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 398 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निफ्टी 25,000 अंक के नीचे
- वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख रहा

स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 400 अंक लुढ़क गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.13 अंक की गिरावट के साथ 81,523.16 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान उच्चतम स्तर 82,134.95 अंक तक गया। निफ्टी भी 122.65 अंक की गिरावट के साथ 24,918.45 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''चीनी अर्थव्यवस्था में नरमी से बाजार धारणा सतर्क बनी हुई है। निवेशकों को अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और घरेलू मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने का इंतजार है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

### टाटा मोटर्स रहा सर्वाधिक नुकसान में

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाटा मोटर्स को सबसे ज्यादा करीब छह प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### एशियन पेंट्स रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फिनसर्व शामिल हैं।

# एमजी ने लांच की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी विंडसर



**हरिभूमि न्यूज. गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को भारत की पहली इंटेलिजेंट ई-सीयूवी एमजी विंडसर को मैनुअल कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत पर लांच किया है।

सेडान के कम्फर्ट और एसयूवी के आनंद के मिश्रण वाली विंडसर, एक इन्नोटवेटिव एयरोडायनामिक डिजाइन, विशाल और भव्य इंटीरियर, बेहतर सुरक्षा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, ड्राइविंग कम्फर्ट और कई हाई-टेक फीचर्स के साथ आती है। इसे एमजी के 'प्योडर ईवी प्लेमटफॉर्म' पर बनाया गया है, जो एक शानदान बिजनेस क्लाास अनुभव प्रदान करती है। एक अनूठे ओनरशिप प्रोग्राम, बास के साथ, एमजी विंडसर को 9.99 लाख रुपए + बैटरी के लिए 3.5 रुपए/किमी की कीमत पर पेश किया गया है।

# आयात, निर्यात की जानकारी के लिए व्यापार पोर्टल पेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को निर्यात और आयात से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी देने के लिए व्यापार पोर्टल शुरू किया। इस कदम से सभी उद्यमियों को मदद मिलेगी।

'ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म' को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस, वित्तीय सेवा विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है।वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पोर्टल पेश करते हुए कहा कि यह मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा। पोर्टल निर्यातकों को व्यापक समर्थन और संसाधन प्रदान कर सूचना की कमी की समस्या को दूर करने का काम करेगा।



- इस कदम से सभी उद्यमियों को मदद मिलेगी

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि यह निर्यातकों को तत्काल समय पर महत्वपूर्ण व्यापार-संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

*क्षेत्रीय भाषाओं में भी जारी होगा : गोयल ने कहा कि पोर्टल को नियमित रूप से अद्यतन किया जाएगा और संबंधित पक्षों की प्रतिक्रिया के आधार पर 2025 में इसका दूसरा संस्करण पेश करने में मदद मिलेगी। इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा, "वैश्विक व्यापार संकट की स्थिति में है लेकिन यह दुनिया में भारत की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने का हमारा प्रयास है।"*




# सोना 500 और चांदी भी 500 रुपए रही मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। लिवाली बढ़ने तथा वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों से सोने की कीमतों को बल मिला। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

सोने की कीमतों में 1,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 500 रुपये की तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम से 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ओर से खरीदारी बढ़ने से बाजार में धारणा मजबूत हुई, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई।





# टेस्ट रैंकिंग : हिटमैन का जलवा, शीर्ष पांच में वापसी, कोहली-जायसवाल को भी फायदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पांच में वापसी हो गई है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल की तरफ से जारी की गई टेस्ट रैंकिंग में हिटमैन ने शीर्ष पांच मे सितंबर 2021 के बाद वापसी की है। वहीं, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल को भी फायदा हुआ है। दोनों क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तीनों भारतीय बल्लेबाज भारत बनाम बांग्लादेश सीरीज में अच्छे प्रदर्शन से अपनी रेटिंग में सुधार करना चाहेंगे।



### फार्म में यशस्वी

भारत ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी। इस दौरान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने दमदार प्रदर्शन किया था। दोनों जबरदस्त फॉर्म में थे। युवा बल्लेबाज ने इस सीरीज में दो शतक और तीन अर्धशतकों की मदद से 712 रन बनाए थे। वहीं, भारतीय कप्तान ने भी दो शतक लगाकर 400 रन बनाए थे। हालांकि, विराट कोहली इस सीरीज में नहीं खेले थे।

### रूट शीर्ष पर बरकरार

जो रूट टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में दो बार विफल होने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान की रेटिंग में कमी आई है। अब उनके 922 अंक से 899 अंक हो गए हैं। इससे दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन (859) की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बनने की राह आसान हो गई है। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज बाबर आजम शीर्ष 10 से बाहर बने हुए हैं, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान नौवें स्थान के साथ देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं।

### शीर्ष पांच बल्लेबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जो रूट | इंग्लैंड | 899 |
| 2 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड | 859 |
| 3 | डेरिल मिशेल | न्यूजीलैंड | 768 |
| 4 | स्टीवन स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 757 |
| 5 | रोहित शर्मा | भारत | 751 |

### धनंजय, मेंडिस और निसांका को हुआ फायदा

श्रीलंका के लिए कप्तान धनंजय डी सिल्वा, मध्यक्रम के बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस और सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने इंग्लैंड में दमदार प्रदर्शन किया था। टेस्ट की पहली पारी में श्रीलंका के शीर्ष स्कोरर रहे डी सिल्वा ने 69 रन की पारी खेली थी। इस पारी की बदौलत दाएं हाथ के बल्लेबाज अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गए। मेंडिस और निसांका ने भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद मेंडिस छह स्थान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, निसांका 64 और नाबाद 127 रन की पारी खेलने के बाद 42 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए।

## खबर संक्षेप



### अफगानिस्तान/न्यूजीलैंड तीसरे दिन का खेल धुला

**ग्रेटर नोएडा।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट पर बारिश की गाज लगातार गिर रही है और तीसरे दिन का खेल भी बुधवार को भारी बारिश के कारण रद्द होने से मैच के पूरी तरह धुलने के आसार हैं। पहले दो दिन भी गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार का खेल रद्द करने में देर नहीं लगाई। अभी तक मैच का टॉस भी नहीं हो सका है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद्द हो गया है। आसमान साफ होने पर मैच कल होगा और 98 ओवर फेंके जाएंगे।'

### जीसीएल का शतरंज पर पर होगा प्रभाव



**लंदन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को उम्मीद है कि वैश्विक शतरंज लीग से खेल पर उसी तरह असर पड़ेगा जो क्रिकेट पर आईपीएल का पड़ा है। जीसीएल दुनिया की पहली और सबसे बड़ी आधिकारिक फ्रेंचाइजी लीग है जिसमें दुनिया भर के शतरंज खिलाड़ी अनूठे संयुक्त टीम प्रारूप में खेलेंगे। एरिगेसी ने कहा, 'यह बहुत बड़ी बात है कि अब शतरंज में भी वैश्विक शतरंज लीग हो रही है।

### कृष्णा खेतान जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा आज से

**पंचकूला।** कृष्णा खेतान स्मृति 31वां अखिल भारतीय बैडमिंटन जूनियर टूर्नामेंट बृहस्पतिवार से शुरू होगा जिसमें चार लाख रूपये की ईनामी राशि है। हरियाणा बैडमिंटन संघ और एक्सप्रेस शटल क्लब ट्रस्ट द्वारा आयोजित टूर्नामेंट ताऊ देवीलाल इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मुकाबले 12 से 15 सितंबर तक होंगे और मुख्य ड्रॉ के मैच 16 से 19 सितंबर के बीच खेले जाएंगे। इसमें एक जनवरी 2006 को या उसके बाद जन्में बच्चे भाग ले सकेंगे। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल, पी वी सिंधू के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी जैसे सितारे इसमें भाग ले चुके हैं।

### भारतीय हॉकी टीम लगातार तीसरी जीत से 9 अंक के साथ शीर्ष पर

# एसीटी : राजकुमार की हैट्रिक से भारत अंतिम-4 में, मलेशिया को 8-1 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| हुलुनबुइर

युवा स्ट्राइकर राजकुमार पाल की हैट्रिक के दम पर गत विजेता भारत ने मलेशिया को 8- 1 से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ बुधवार को यहां हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। राजकुमार (तीसरा, 25वां और 33वां मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंडल (छठा और 39वां मिनट), जुगराज सिंह (सातवां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वां मिनट) और उत्तम सिंह (40वां मिनट) ने गोल दागे। मलेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनवर (34वां मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत तीन मैच जीतकर नौ अंक के साथ शीर्ष पर है। छह टीमों का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जा रहा है जिसमें शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले मेजबान चीन को 3-0 से और जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का सामना गुरुवार को कोरिया से और शनिवार को पाकिस्तान से होगा।



### दागे पांच फील्ड गोल

भारत और मलेशिया के बीच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम हाफटाइम तक 1-3 से पीछे थी जिसके बाद वापसी करके 4-3 से जीत दर्ज करके खिताब जीता। भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पांच फील्ड गोल किए जबकि जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए।

**क्वार्टर 1**

भारत ने आक्रामक शुरुआत करके पहले ही क्वार्टर में लगातार हमले बोले। राजकुमार ने तीसरे ही मिनट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले दम पर गेंद को गोल के भीतर डाला। तीन मिनट बाद अराइजीत ने भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। एक मिनट बाद जुगराज ने पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर भारत को पहले ही क्वार्टर में 3-0 की बढ़त दिला दी।

**क्वार्टर 2**

दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने आक्रामक शुरुआत की और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 22वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर हरमनप्रीत ने गोल किया। कुछ मिनट बाद राजकुमार ने अराइजीत और उत्तम के शानदार मूव पर अपना दूसरा गोल किया।

**क्वार्टर 3**

दूसरे हाफ के तीसरे ही मिनट में राजकुमार ने सीनियर स्तर पर अपनी पहली हैट्रिक पूरी करते हुए विवेक सागर प्रसाद के पास पर तीसरा गोल किया। मलेशिया के लिए इस बीच अनवर ने एक गोल दागा।

**क्वार्टर 4**

भारत के लिए अराइजीत ने नीलाकांता के पास पर गोल किया जबकि उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के जरिए गोल दागा। इससे पहले एक अन्य मैच में पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया।

### आईसीसी रिपोर्ट

# वनडे विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का आर्थिक फायदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023 में हुए एकदिवसीय विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का 'आर्थिक प्रभाव' पैदा हुआ जिसमें सबसे अधिक लाभ पर्यटन क्षेत्र को हुआ। नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में दावा किया गया है कि पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विश्व कप था। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है जिससे भारत को 1.39 अरब डॉलर (11,637 करोड़ रुपए) का आर्थिक लाभ हुआ है।' ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट के फाइनल में भारत के विजयी अभियान पर विराम लगाते हुए रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। आईसीसी के बयान में कहा गया है, 'मेजबान शहरों में पर्यटन के क्षेत्र में 86 करोड़ 14 लाख डॉलर का राजस्व सृजन हुआ जिसमें आवास, यात्रा, परिवहन और खाद्य एवं पेय पदार्थ शामिल हैं क्योंकि मैचों के लिए बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटक पहुंचे।'

### 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में देखा मैच

रिपोर्ट में दावा किया गया कि एकदिवसीय विश्व कप को रिकॉर्ड 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में देखा और इनमें से लगभग 75 प्रतिशत लोग पहली बार आईसीसी का 50 ओवर का मुकाबला देखने पहुंचे। आईसीसी के बयान के अनुसार, 'जिन अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों से बात की गई उनमें से 55 प्रतिशत पहले भी नियमित रूप से भारत का दौरा कर चुके थे जबकि विश्व कप के कारण 19 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों ने पहली बार भारत का दौरा किया। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों ने अपने प्रवास के दौरान कई पर्यटन स्थलों का दौरा किया जिससे 28 करोड़ 12 लाख डॉलर का आर्थिक प्रभाव पड़ा।'

# दूसरा दौर आज से, रिंकू अय्यर पर फोकस

एजेंसी ▶▶| अनंतपुर

रिंकू सिंह समेत राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के शिकार कुछ अनुभवी खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी जब गुरुवार से दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले शुरू होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जिससे कई सितारे दूसरे दौर में नहीं खेल सकेंगे। सरफराज खान भारतीय टीम के अकेले सदस्य हैं जो इस घरेलू टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दिखेंगे। शानदार प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड के बावजूद पहले दौर में नहीं चुने गए रिंकू पर सभी की नजरें होंगी जो भारत के लिए टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। शुभमन गिल के भारतीय टीम में जाने से मयंक अग्रवाल भारत ए टीम के कप्तान होंगे। आखिरी टेस्ट मार्च 2022 में खेलने वाले मयंक को राष्ट्रीय टीम में चयन का दावा फिर बुलंद करने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोट के कारण पहले दौर में नहीं खेल सके थे। उन्हें भारत ए टीम में रखा गया है। भारत बी टीम में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी जो पिछले सप्ताह बेंगलुरु में पहले दौर में फ्लॉप रहे थे।

दलीप ट्रॉफी



### सुदर्शन पर भारी दबाव

भारत सी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और ऋतुराज गायकवाड़ भी रन बनाकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना चाहेंगे। भारत डी के कप्तान श्रेयस अय्यर टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित करने की कोशिश करेंगे। इसी तरह देवदत्त पड्डिकल और संजू सैमसन भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की फिराक में होंगे।

### कोलंबिया ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया

**बोगोटा।** जेम्स रौड्रिगेज के पेनल्टी पर किये गए गोल की मदद से कोलंबिया ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अर्जेंटीना को लियोनेल मेस्सी की कमी खली जो चोट के कारण कोपा अमेरिका फाइनल के बाद से नहीं खेल रहे हैं। कोलंबिया के लिए येरसोन मोस्केरा ने 25वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन निको गोंजालेस ने 48वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। रौड्रिगेज ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके कोलंबिया को जीत दिलाई। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना ने जुलाई में कोलंबिया को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका खिताब जीता था। अन्य मुकाबलों में बोलिविया ने चिली को 2-1 से हराया जबकि इक्वाडोर ने पेरू को एक गोल से मात दी। वेनेजुएला और उरुग्वे का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा।

### आस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। क्रेग को सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया।




### नई भूमिका में भी प्रभावी होंगे भारतीय हॉकी की दीवार

# शुक्रिया श्रीजेश : प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है। 16 अगस्त को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नए राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे।

टोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है।



### पीएम मोदी सर का शुक्रिया

श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा, 'मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरुआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है। मुझ पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।'

### प्रधानमंत्री मोदी का पत्र

'मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा। आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की हृदय से सराहना करता हूं। 2014 एशियाई खेल, रियो, टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में आपके प्रदर्शन शानदार रहे। ऐसी अनगिनत यादें हैं और इनके लिए एक पत्र पर्याप्त नहीं है। आपको मिले विभिन्न पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक बताते हैं कि आपने किन ऊंचाइयों को छुआ है। लेकिन इसके बावजूद आपकी विनम्रता और गरिमा, मैदान से भीतर और बाहर, प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि आपका जुनून, प्रतिबद्धता और समर्पण अगली पीढ़ी के विश्व विजेताओं को तैयार करेगा। मैं आपको आपके अथक समर्पण, शानदार कॅरियर और भारत को गौरवान्वित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इन सभी यादों के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामना।'

\- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री




## जानें पानी में छुपे खजाने का रहस्य

# झारखंड की वह नदी जहां मिलता है हीरा! हीरादाह के नाम से विख्यात



**रांची।** गुमला जिला चारों ओर हरे- भरे, पड़े-पौधे, घने जंगल, पहाड़, नदियों से भरा पड़ा है। साथ ही जिले में कई धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक स्थल व पर्यटक स्थल भी हैं। जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। इन्हीं पर्यटक स्थलों में से एक है जिला के रायडीह प्रखंड स्थित हीरादाह, जिसे शंख नदी के नाम से भी जाना जाता है। यह हीरादाह खूबसूरत वादियों में चारों ओर घने जंगलों के बीच बसा है। किविंदती है की यहां आज भी हीरा मिलता है। यहां सालों भर सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही यहां मकर संक्रांति, रथ मेला, घूरती मेला, रामनवमी व शिवरात्रि में विशेष मेला का भी आयोजन किया जाता है। राजा हीरा पाकर बहुत खुशी-खुशी यहां से अपने परिवार व सैनिकों से लौट रहे थे। उस समय नागवंशी राजा दुर्जनशाल की राजधानी रांची चुटिया हुआ करता था। उस समय हमारे देश में मुगल साम्राज्य का शासन चल रहा था। जब मुगल शासक को राजा दुर्जन शाल को कीमती हीरा मिलने की भनक लगी तो मुगल शासक ने उसी समय भारी अस्त्र -शस्त्र व सैनिकों के साथ हमला कर दिया।

**50 से 100 फीट ऊपर पहाड़ पर भी कुंड**

### नागभूमि के नाम से जाना जाता था


हीराधाम समिति के सचिव अशोक सिंह ने बताया कि यह हीरा धाम लगभग 600 वर्ष पूर्व नागवंशी राजा दुर्जनशाल का क्षेत्र हुआ करता था। यह झारखंड राज्य उस समय नागखंड /नागलोक/ नागभूमि के नाम से जाना जाता था। राजा दुर्जनशाल 50 वें नागवंशी राजा थे। वे अपने कार्यकाल में वैज्ञानिक व रिसर्चकर्ता के रूप में जाने जाते थे। उन्हें रिसर्च में पता चला कि शंख नदी में हीरा है। इसलिए इसे हीरा पट्टी भी कहते थे। गीता में भी हीरा पट्टी को इंद्रप्रवाह के नाम से दर्जा मिला है। नागवंशी राजा दुर्जनशाल हीरा की तलाश में अपने राजपाठ, परिवार व सैनिकों के साथ हीरा दाह में आकर पड़ाव डाल दिए और यहां से उनको एक कोहिनूर का हीरा प्राप्त हुआ।

# भारत के लिए मायने रखता है पाकिस्तान, नहीं दिए ये 5 सामान तो ठप हो सकते हैं कई काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान की आर्थिक स्थिती अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पर बढ़ते कर्ज और घटती विदेशी मुद्रा वहां की अर्थव्यवस्था को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। वहां की मौजूदा सरकार भी लगभग मान चुकी है कि आर्थिक हालत बहुत खराब है। लेकिन, इतना सबके बावजूद पाकिस्तान से ऐसी कई चीजें भारत में आयात होती हैं, जिनके बिना हमारे देश में कई काम प्रभावित हो सकते हैं। भले ही पाकिस्तान से हमारे राजनीतिक रिश्ते अच्छे नहीं हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध बने रहते हैं। ऐसी कई चीजें पाकिस्तान से आयात होती हैं जिनका रोजमर्रा की जिंदगी में हमारे घरों में खूब इस्तेमाल होता है। प्रमुख पांच चीजों के बारे में विस्तार से जानते हैं, जिसके बिना भारत में काम ठप हो सकते हैं।

### सेंधा नमक



पाकिस्तान का सेंधा नमक अपनी शुद्धता और गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। इसे आयुर्वेद में भी कई बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत सेंधा नमक के लिए पूरी तरह से पाकिस्तान पर निर्भर है।


### कपास



पाकिस्तान कपास का एक बड़ा उत्पादक है और भारत में ज्यादातर कपास पाकिस्तान से आता है।

### तांबा और स्टील

पाकिस्तान से तांबा और स्टील का आयात भारत में कई उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत में तांबा भी बड़ी मात्रा में पाकिस्तान से आता है।



### सूखे मेवे

पाकिस्तान में ड्राई फ्रूट्स का उत्पादन अधिक मात्रा में होता है। पाकिस्तान से आने वाले सूखे मेवे जैसे कि बादाम, काजू, किशमिश आदि भारतीय बाजारों में आसानी से उपलब्ध होते हैं, और हम इनका रोजमर्रा की जिंदगी में खूब इस्तेमाल करते हैं।



# मरकर फिर जिंदा होगा इंसान! बर्फ में लपेट कर रखे जा रहे शव

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

मरने के बाद इंसान जिंदा होगा! चौंकिए मत, इसी उम्मीद में तमाम लोगों के शव बर्फ में लपेट कर रखे जा रहे हैं। भरोसा इतना ज्यादा है कि लोग लाखों रुपए खर्च करके मर्चुरी में जगह बुक करा रहे हैं, ताकि मरने के बाद उनके शव को लंबे वक्त तक सुरक्षित रखा जा सके। इस पूरी योजना को क्रायोनिक्स नाम दिया गया है। आप जानकर हैरान होंगे कि जिंदा रहते ही तमाम लोगों ने इसके लिए बुकिंग करा ली है। कई और लोगों ने आवेदन किया है। आइए समझते हैं कि आखिर ये बला है क्या?

हाल ही में लंदन के 50 साल के एक शख्स की मौत हुई। उसे कैंसर था। उसकी इच्छा थी कि उसके शव को क्रायोनिक्स स्कीम के तहत सुरक्षित रखा जाए, ताकि एक दिन वो फिर जिंदा हो सके। उसकी इच्छा के अनुसार, क्रायोनिक्स इंस्टीट्यूट के एक्सपर्ट आए। उसके शव का अंतिम संस्कार करने की बजाय, सूखी बर्फ में पैक किया। बॉडी को परफ्यूज किया और शरीर में मौजूद ब्लड और पानी को प्रोसेस्ड करके क्रायो प्रोटेक्शन मिक्सर में बदल दिया। इससे बॉडी बर्फ में रहने के बावजूद जमती नहीं है और बिल्कुल जिंदा इंसान की तरह सुरक्षित रहती है। फिर इसे एयरपोर्ट ले जाया गया और वहां से क्रायोनिक्स इंस्टीट्यूट की मर्चुरी में ले जाकर रख दिया गया।

### लाखों रुपए देकर लोग बुक करा रहे मर्चुरी

#### 1977 में एक महिला ने बुक करा ली थी जगह

सबसे पहले रिया एटिंगर नाम की एक मरीज ने 1977 में इसके लिए बुकिंग कराई थी।



क्रायोनिक्स इंस्टीट्यूट के प्रेसिडेंट डेनिस कोवाल्सकी ने कहा, यह जुआ की तरह है। लेकिन चमत्कार कब हो जाए कहा नहीं जा सकता। यह कभी भी हो सकता है। दिलचस्प बात है कि लोगों में इसे लेकर काफी उत्सुकता है। तभी तो बहुत सारे लोग हमसे संपर्क कर रहे हैं। हालांकि, हम किसी की भी गारंटी नहीं लेते। आपको आपकी शर्त पर रखा जाता है। ऐसे सोचिए कि अगर दफना दिया जाए या अंतिम संस्कार कर दिया जाए तो जिंदा होने की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाती है, लेकिन हम कुछ तो बचाकर रख रहे हैं। हो सकता है कि एआई या स्टेम सेल रिसर्च की बदौलत हम इन लोगों को फिर जिंदा कर दें।

### कैसी है क्रायोनिक्स की मर्चुरी



क्रायोनिक्स की मर्चुरी में शवों को रखने के लिए बड़े-बड़े ब्लॉक्स बनाए गए हैं। इसमें लिक्विड नाइट्रोजन में बॉडी को –196 डिग्री सेल्सियस में जमाया जाता है। इस उम्मीद में कि भविष्य में कोई ऐसी तकनीक आ जाएगी, जिससे मरे हुए इंसान को जिंदा किया जा सकेगा। उस वक्त सबसे पहले इन लोगों को जिंदा किया जाएगा। इससे उन बीमारियों का भी इलाज करने में मदद मिलेगी, जिसकी वजह से इनकी मृत्यु हुई। जिन लोगों के शव अब तक इस मर्चुरी में रखे गए हैं, उनमें कई स्टूडेंट्स, शेफ, सेक्रेटरी और प्रोफेसर्स शामिल हैं। अब तक 250 से ज्यादा लोगों ने अपने शव यहां रखवाने के लिए बुकिंग कराई है, इनमें सबसे ज्यादा अमेरिकी हैं। उसके बाद तमाम ब्रिटेन के लोग भी हैं। 50 से ज्यादा लोग तो वेटिंग में हैं। कई लोगों ने अपने पेट्स के लिए भी बुकिंग कराई है।

### 1085 साल की उम्र में जिंदा हो जाए तो

क्रायोनिक्स के एक्सपर्ट इसमें उम्मीद तलाश रहे हैं, तो आलोचक भी कम नहीं। तमाम लोगों को लगता है कि यह बकवास बात है। ब्रेन डेड इंसानों को जिंदा करना असंभव है। हां, अगर उसका हार्ट या लिवर खराब है, तो जिंदा करना आसान है। डॉक्टर डॉ. मिरियम स्टॉपर्ड ने कहा- यह मृत शरीर की गरिमा के साथ खिलवाड़ है। लोगों को इससे बचना चाहिए। लेकिन, क्रायोनिक्स के सबसे बड़े एक्सपर्ट एलन सिंक्लेयर जो अब 85 साल के हैं, कहते हैं कि अगर कोई 185 साल की उम्र में जिंदा हो या 1085 साल की उम्र में जिंदा हो जाए तो क्या गजब होगा।

# महादेव सट्टा एप-प्रमोटर्स के पक्ष में सिब्बल ने की हाईकोर्ट में पैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



महादेव सट्टा एप मामले में बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। रायपुर की विशेष अदालत द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ एप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बिलासपुर हाईकोर्ट पहुंचकर पैरवी की। मामले में सुनवाई अधूरी रही। इसकी सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी, जिसकी वजह से कल भी मामले की सुनवाई होगी।

जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की अदालत में हुई सुनवाई में महादेव सट्टा एप के संचालक और वोंटूलो के नागरिक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने अपने अधिवक्ता कपिल सिब्बल के जरिए गैर जमानती वारंट को चुनौती देते हुए कहा है कि अदालत ने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर यह वारंट जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि रायपुर स्थित ईडी की अदालत ईडी को यह निर्देशित नहीं कर सकती कि सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को गिरफ़्तार करे।

### अब राज्य सरकार और ईडी देंगे जवाब

बुधवार को महादेव सट्टा एप मामले में मुख्य प्रमोटर बताए गए सौरभ चंद्राकर की ओर से और भी तर्क पेश किए गए। अब राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा और ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक डॉ सौरभ कुमार पांडेय जवाब में तर्क देंगे। यह सुनवाई गुरुवार 12 सितंबर को भी जारी रहेगी। 12 सितंबर को ही रवि उप्पल की याचिका पर भी सुनवाई होनी है। रवि उप्पल की ओर से भी रायपुर कोर्ट से जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती दी गई है।

# राज्य में पहली बार, कमिश्नर ने सुनाई तीन महीने कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पहली बार संभाग आयुक्त ने नशे के कारोबार से जुड़े दो प्रकरणों में दो आरोपियों को तीन-तीन माह कारावास की सजा सुनाई है। दोनों प्रकरण बलौदाबाजार-भाठापारा जिले से संबंधित थे और पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ इस्तगासा पेश किया था। संभागायुक्त महादेव कांवरे ने नशे के कारोबार पर निर्णायक और प्रभावशाली कार्यवाही की है। सिमगा के भवानी नगर निवासी एजाज खान और भैंसापसरा बलौदाबाजार का आरोपी ज्वाला चतुर्वेदी के खिलाफ खिलाफ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा इस्तगासा पेश किया गया था। अवैध रूप से स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थों का व्यापार करने की पुष्टि हुई थी। मामले की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद यह निर्णय लिया गया कि इन दोनों आरोपियों की संलिप्तता में कोई संदेह नहीं है। आयुक्त महादेव कांवरे ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई का निर्णय लिया। उनके आदेश में यह भी उल्लेखित है कि अनावेदक अवैध रूप से नशीली कैप्सूल तस्करी करने के आदी हैं, जिससे उनके समाज में रहने से संभावित विपरीत प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

**नशे के कारोबार के दो अलग-अलग मामले में फैसला**




# शासन ने कहा - सिटी बसों में प्रति किमी 8.75 रुपए लिया जाएगा किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश में संचालित इंटरसिटी बसों और सिटी बसों के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शासन से दोबारा एक विस्तृत शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया है। इसमें बसों में रूट चार्ट, रियायत देने की जानकारी और किराए का वास्तविक उल्लेख करने की कार्य योजना बताई जाएगी। मामले की आगामी सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। बुधवार को हुई सुनवाई में शासन ने एक शपथपत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि बसों का किराया कितना लिया जाएगा और छूट कितनी दी जाएगी। इसमें प्रति किलोमीटर 8.75 रुपए का उल्लेख किया गया है।

बिलासपुर में सिटी बसों की जर्जर हालत और प्रदेश में चल रही अंतर नगरीय बस सेवा को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इसके बाद से जनहित याचिका के रूप में सुनवाई जारी है। पहले हुई सुनवाई में जब कोर्ट ने पूछा था कि, खटारा होती जा रही बसों को लेकर शासन क्या कर रहा है। शासन की ओर से कहा गया था कि केंद्र से स्मार्ट शहर होने के कारण पीएमई बसें बहुत बड़ी संख्या में आ रही हैं। दिसंबर माह से यही बसें बिलासपुर में भी चलेंगी। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बस संचालकों को टैक्स से काफी छूट मिली हुई है। सिटी बसों के बारे में उन्होंने फिर शासन की नई योजना का जिक्र किया और कहा कि इसमें इलेक्ट्रॉनिक बसें इसी साल के अंत से चलाई जाएंगी।

- कोर्ट ने कहा- किराया राउंड फिगर में लीजिए, आम आदमी 25 पैसे कहां से लाएगा
- शासन से दोबारा एक विस्तृत शपथपत्र पेश करने का निर्देश

### किराए और रूट की जानकारी का प्रचार हो

बुधवार को हुई सुनवाई में शासन ने एक शपथपत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि बसों का किराया इतना लिया जाएगा और छूट इतनी दी जाएगी। इसमें प्रति किलोमीटर 8.75 रुपए का उल्लेख किए जाने पर कोर्ट ने कहा कि, आप किराया राउंड फिगर में लीजिए। आम आदमी 25 पैसे कहां से लाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि विकलांगों के लिए, नक्सल प्रभावित लोगों के लिए और 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए क्या रियायत है, इसका उल्लेख किया जाना चाहिए। यह शासन के हलफनामे में नहीं है। चिरमिरी नगर निगम की ओर से उपस्थित एडवोकेट सुदीप अग्रवाल ने कहा कि बसों के डिस्प्ले में सारी जानकारी यात्रियों को मिलनी चाहिए। बसों के पीछे भी बड़े स्टीकर्स लगाकर इसका प्रचार किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि नोटिफिकेशन में जानकारी से आम लोगों को पता नहीं चलता है इसलिए इसके लिए पर्याप्त प्रचार प्रसार करना होगा जिससे की यात्रियों को समुचित जानकारी मिल सके। हाईकोर्ट ने शासन से दोबारा हलफनामा मंगाते हुए आगामी 15 अक्टूबर को सुनवाई निर्धारित की है।

# झूठ बोलने से शरीर का कौन सा हिस्सा हो जाता है गर्म?

**मैड्रिड।** हमारी रोजाना की जिंदगी में हम तरह-तरह की चीजों से दो-चार होते हैं। कई बार लोग अपनी समस्याओं के चलते छोटे-मोटे तो कभी बड़े-बड़े झूठ भी बोल देते हैं। हालांकि, किसी के झूठ को पकड़ा कैसे जाए, ये जानना मुश्किल है। हालांकि हमारे शरीर में कुछ ऐसे बदलाव झूठ बोलते वक्त होते हैं, जिनसे हमें पता चल जाता है कि सामने वाला झूठ बोल रहा है।हालांकि, हमारे शरीर में कुछ ऐसे बदलाव झूठ बोलते वक्त होते हैं, जिनसे हमें पता चल जाता है कि सामने वाला झूठ बोल रहा है।

**'पिनोचियो प्रभाव' का होता है अनुभव** : झूठ बोलने पर शरीर का एक अंग है, जो गर्म हो जाता है। साइंस डेली की वेबसाइट पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, जब कोई व्यक्ति झूठ बोलता है तो उसे 'पिनोचियो प्रभाव' का अनुभव होता है। पिनोचियो प्रभाव के कारण नाक के आसपास की कक्षीय मांसपेशियों और आंखों के अंदरूनी कोनों का तापमान बढ़ जाता है। विज्ञान कहता है कि झूठ बोलने पर नाक के आसपास की मांसपेशियों और आंखों के अंदरूनी कोनों में तापमान में काफी बढ़ोतरी हो जाती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com